हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, गुरुवार, 7 अगस्त, 2025

तापमान
अधिकतम 35.6 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

11 भवन निर्माण मजदूर संघ ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



12 पुलिस कर्मचारी के रवैये के खिलाफ किया प्रदर्शन



## खबर संक्षेप

### कुम्हार महासभा का आम चुनाव 10 को

**हिसार।** कुम्हार महासभा द्वारा आगामी 10 अगस्त को आम चुनाव आयोजित किए जाएंगे। यह चुनाव समाज के संगठनात्मक ढांचे को और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कुम्हार महासभा पिछले 70 वर्ष से समाज के उत्थान, एकता एवं विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सभा द्वारा कुम्हार धर्मशाला प्रेम नगर तथा सेक्टर 14 स्थित छात्रावास की नियमित देखरेख और संचालन किया जा रहा है, जिससे समाज के लोगों को ठहरने व पढ़ाई के लिए बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं।

### दो दिवसीय नि:शुल्क डेंटल चैकअप शिविर लगाया

**हिसार।** स्माइल फॉर यूथ कार्यक्रम के तहत डॉ. सचिन मित्तल एडवांस डेंटिस्ट्री टीम ने राजगढ़ रोड स्थित ठाकुर दास भार्गव सीनियर सैकेंडरी स्कूल में दो दिवसीय निशुल्क डेंटल चैकअप एवं जागरुकता कैंप लगाया। कैंप में डॉ. सचिन मित्तल एडवांस डेंटिस्ट्री की टीम से डॉ. नेहा बंसल, डॉ. मुदिता के बाहेती, डॉ. तरूण ने बच्चों के दंत स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें टुथब्रश करने का तरीका समझाया। इस दौरान करीब 680 बच्चों की मौखिक स्वास्थ्य की जांच की गई।

### कारपेंटर समिति की आम सभा 15 को

**हिसार।** कारपेंटर समिति ने सर छोटू राम कॉलोनी स्थित कार्यालय में बैठक बुलाई जिसमें 15 अगस्त को प्रेम नगर स्थित कुम्हार धर्मशाला में कार्पेंटरों की आम सभा का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष राजेश बहबलपुरिया ने बताया कि इसमें कार्पेंटरों के समक्ष आने वाली समस्याओं के पर चर्चा की जाएगी और भावी चुनौतियों के बारे में अवगत कराया जाएगा। बैठक में उप प्रधान जगदीश वर्मा, सचिव बलजीत जांगड़ा, कैशियर राम अवतार जांगड़ा, आदि उपस्थित थे।

### धूल फांक रहे पीएम केयर फंड से मिले वेंटीलेटर

**हिसार।** मदद के अध्यक्ष संजीव भोजराज ने कहा है कि स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के कारण पीएम केएर फंड से जिले के नागरिक अस्पताल को मिले वेंटीलेंटर धूल फांक रहे हैं और खराब अवस्था में पहुंच चुके हैं। करोड़ों रूपए की लागत से ये वेंटीलेटर सिविल अस्पताल भेजे गए थे, परंतु अभी तक इनका प्रयोग नहीं हुआ है। उन्होंने सिविल अस्पताल में देखा और अस्पताल के कर्मचारियों से बातचीत की तो पाया कि ये वेंटीलेटर प्रयोग के लायक ही नहीं हैं।

### साइंस सेमिनार में युगम ने पाया द्वितीय स्थान

**बरवाला।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अनाज मंडी बरवाला में बरवाला ब्लॉक स्तर पर आयोजित हुई क्वांटम युग विषय पर आधारित सांईस सेमिनार में लक्ष्मी विहार में स्थित दिनेश मैमोरियल हरियाणा सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरवाला के 10वीं कक्षा के छात्र युगम बंसल ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिला स्तर के लिए क्वालीफाई किया। युगम ने बरवाला ब्लॉक में द्वितीय स्थान लेकर अपने परिजनों, गुरुजनों व स्कूल का नाम रोशन किया।

### भव्य बिश्नोई आज सुनेंगे समस्याएं

**हिसार।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी भव्य बिश्नोई 7 एवं 8 अगस्त को हलके में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। पार्टी नेता विक्रांत देवीलाल बिश्नोई ने बताया कि युवा नेता भव्य बिश्नोई 7 अगस्त को सुबह 8.30 से 9.30 बजे तक वे हिसार सेक्टर 14 स्थित पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं से से मुलाकात करेंगे। इसके उपरांत 10 बजे आदमपुर दुकान नं 107 कार्यालय में हलकावासियों की समस्याएं सुनेंगे तथा हर बार की तरह मौके पर ही अधिकारियों से बातचीत करके उन्हें दूर करवाने का प्रयास करेंगे।

## पार्षद सुमन यादव बोली, मेयर साहब मंदिर के आगे खड़ा पानी, इससे पाप लगेगा

# जलभराव पर पार्षदों ने रोया दुखड़ा अधिकारी नहीं सुन रहे हमारे फोन

### पार्षदों ने खरी-खोटी सुनाई तो अधिकारियों ने वार्डवाइज लिखी समस्याएं, दिया जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर में पिछले दिनों लगातार हुई मूसलाधार बरसात के पानी अभी भी अनेक क्षेत्रों में खड़ा है। विभिन्न क्षेत्रों के पार्षद समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों को फोन करते हैं तो उनके फोन नहीं उठाए जा रहे। तंग आए मेयर प्रवीण पोपली ने बुधवार को निगम हाउस में आपात बैठक हुई, जिसमें अधिकारी व पार्षद शामिल हुए।



हिसार। शहर में जलभराव को लेकर बैठक लेते मेयर प्रवीण पोपली।

नगर निगम में बुलाई आपात बैठक में पार्षदों ने कहा कि पिछले सप्ताह हुई बारिश के बाद हालात अभी तक सामान्य नहीं हो पाए हैं। शहर के इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली रोड समेत इलाकों में पानी अभी भी जमा है। बैठक शुरू होते हुए पार्षदों ने अपनी समस्याएं गिनवानी शुरू कर दी। इस पर मेयर ने एसडीओ को निर्देश दिए कि वार्ड वाइज समस्याएं नोट करो और बाद में वार्ड वाइज इसका जवाब देना। पार्षदों ने बरसाती नालों, सीवरेज की सफाई ना होने और जीटी (गटर ट्रैप) न लगाने की समस्याएं गिनवाईं। वार्ड 14 की पार्षद ने कहा कि समस्या का समाधान नहीं किया तो पाप लगेगा। एक पार्षद ने कहा कि जेई फोन नहीं उठाता। इस पर जेई ने हाथ जोड़कर कहा कि जब पार्षद का फोन आ रहा था तो वह दूसरी कॉल पर बिजी थे। जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ जसवंत पार्षदों की एक-एक शिकायत को डायरी में दर्ज कर करके उनका जवाब दिया।

### शिव मंदिर के पास जलभराव

वार्ड 14 की पार्षद सुमन यादव ने चावला नर्सिंग होम के सामने शिव मंदिर के पास जलभराव का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि मंदिर के आगे सीवरेज का पानी खड़ा रहता है, लोग मुझसे शिकायत करते हैं। अगर समाधान नहीं हुआ तो आपको और मुझको पाप लगेगा।

### पार्षद मनोहर ने सुनाई कच्छे वाली कहावत

वार्ड 7 के पार्षद मनोहर लाल वर्मा ने अधिकारियों के काम को लेकर एक कहावत सुनाई। उन्होंने कहा कि एक बेटे को नया कच्छा चाहिए था, उसने अपने बाप को कहा कि कच्छा दिलवा दो, मगर बाप हर बार बात को टाल देता। इस पर बेटे ने एक दिन कहा कि पूरा गांव फटा कच्छा देख लेगा, तब आप लाकर नया कच्छा दोगे। यही हाल पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों का है। जब पूरे वार्ड की समस्या बन जाएगी, तब यह समाधान करेंगे।

### पाइप लाइन की सफाई के लिए बड़ा बजट चाहिए : एसडीओ

एसडीओ जसवंत ने में कहा कि पब्लिक हेल्थ के पास जो सुपर सोकर मशीनें हैं, वह सीवरेज के आसपास का ही एरिया साफ कर पाती हैं। पूरी पाइप लाइन की सफाई के लिए बड़ा बजट चाहिए। इसका करोड़ों का एस्टीमेट है, जो मुख्यालय भेजा हुआ है। जैसे ही मुख्यालय में मीटिंग के बाद अप्रूवल मिल जाएगी, उसके बाद काम शुरू हो जाएगा मगर इसमें एक महीने का समय लग सकता है।

### पार्षद जगमोहन ने ये उठाया मुद्दा

वार्ड 12 के पार्षद जगमोहन मित्तल ने जिंदल हाउस रोड पर जलभराव का मुद्दा उठाते हुए कहा कि दिल्ली रोड बरसाती नाले में दुकानदारों व कॉलोनियों के कनेक्शन किए हुए हैं। यहां सीवरेज की अलग लाइन डालनी थी मगर आज तक नहीं डली। बिना बारिश के बरसाती नाले में पानी चलता रहता है।

### ऑटो मार्केट रोड के समाधान की मांग

वार्ड 2 के पार्षद मोहित सिंघल ने कहा कि ऑटो मार्केट रोड पर पानी भरता है। यहां नाव तक लोग चला देते हैं। इसका समाधान कब होगा, अधिकारी यह बता दें। पार्षद ने कहा कि कॉलोनियों में पानी भर जाता है, वो जल्दी से निकलता नहीं।

### कोई सुनता नहीं, मीटिंग का क्या फायदा

वार्ड 19 से कांग्रेस पार्षद सत्यवान पानू ने कहा कि मेयर साहब कोई अधिकारी पार्षदों की सुनता नहीं है। हम फोन करके थक जाते हैं। पिछली मीटिंग में जो बातें कहीं, आज तक पूरी नहीं हुईं। अधिकारी कोई काम करते नहीं। ऐसी मीटिंग का क्या फायदा।

### नया बरसाती नाला पहली बारिश में फेल हुआ

*वार्ड 15 के पार्षद प्रतिनिधि प्रीतम सैनी ने कहा कि उनके एरिया में नया बरसाती नाला बनाया गया था, मगर वह पहली बारिश में ही फेल हो गया। बरसाती नाला किसी काम नहीं आया। पार्षद ने कहा कि ऐसे काम की जवाबदेही तय होनी चाहिए।*

### ठेकेदार की पेमेंट काम की जांच के बाद ही करें : मेयर प्रवीण पोपली

सभी पार्षदों की शिकायतें सुनने व अधिकारियों के जवाब के बाद मेयर प्रवीण पोपली ने पब्लिक हेल्थ विभाग के अधीक्षक अभियंता से कहा कि ठेकेदार की पेमेंट काम को जांच परखने के बाद ही की जाए। ठेकेदार पेमेंट ले जाते हैं, उसके बाद कोई सुनता नहीं। मेयर ने कहा कि मुझे डेटलाइन चाहिए कि कब तक सीवरेज साफ हो जाएंगे। एसडीओ जसवंत ने कहा कि टेंडर लगे हुए हैं, एस्टीमेट भेजा हुआ है। इस पर मेयर ने कहा कि मुझे रटा रटाया जवाब नहीं सुनना। यह बताओ कि आपके पास जो मशीनरी है उससे काम कब तक होगा, मगर अधिकारी सही जवाब नहीं दे पाया। मेयर ने अफसरों से कहा कि पार्षद 12-12 दिनों तक शिकायत करते रहते हैं, मगर छोटे मोटे काम भी आप लोगों से नहीं हो पाते।

### आयुष्मान योजना में निजी अस्पताल आज से नहीं करेंगे इलाज

**हिसार।** आयुष्मान योजना के तहत सरकार की तरफ से बकाया पेमेंट की एक किश्त जारी करने के बावजूद इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने दो टूक कहा कि जब तक जिले के निजी अस्पतालों की बकाया पूरी पेमेंट नहीं मिल जाती, तब तक आयुष्मान योजना के तहत वे मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं नहीं देंगे।

ऐसे में आयुष्मान योजना के तहत मरीजों का उपचार न होने के कारण मरीजों और उनके परिजनों को परेशानी झेलनी पड़ेगी। आईएमए की अध्यक्ष डॉ. रेणु छाबड़ा भाटिया ने कहा कि जिले के निजी अस्पतालों में बुधवार रात 12 बजे के बाद से आयुष्मान योजना के तहत मरीजों का उपचार नहीं किया जाएगा। आयुष्मान योजना के तहत मरीजों की आपातकालीन सेवाएं भी बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि जिले के करीब 70 अस्पतालों का 200 करोड़ से अधिक का भुगतान बकाया है। सरकार की तरफ से मार्च महीने के बाद से बिलों का कोई भुगतान नहीं किया।

### सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**हिसार।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। व्यक्तियों और संगठनों के अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा भाव को पहचानने और सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से वार्षिक पुरस्कार दिया जाता है। इस पुरस्कार की घोषणा हर साल 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की जाती है।

### ग्राम दर्शन पोर्टल पर विकास कार्यों से जुड़े सुझाव व शिकायत भेजें

**हिसार।** ग्रामीण अंचल के निवासी अब सरकार को विकास कार्यों से जुडे सुझाव व शिकायत ऑनलाइन माध्यम से दे सकते है। प्रदेश सरकार द्वारा इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल संचालित किया जा रहा है।

ग्राम दर्शन पोर्टल सरकार की एक व्यापक, सहभागी, पारदर्शी और जवाबदेह पहल है। इसका उद्देश्य निर्वाचित प्रतिनिधियों, सरकार और ग्रामीण निवासियों के बीच संबंध स्थापित करना है। यह पोर्टल ग्रामीणों को मांग, शिकायत व सुझाव देने का एक सुविधाजनक एवं सरल माध्यम है। इस पोर्टल पर ग्रामीणों द्वारा दिए गए सुझावों के आधार पर भविष्य की विकास योजनाओं का खाका तैयार किया जाएगा।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रतिभागियों को भेंट किए जाएंगे फलदार व औषधीय पौधे : एसडीएम

- नारनौंद में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा 79वां स्वतंत्रता दिवस, तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को उपमंडल स्तरीय समारोह संयुक्त कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया जाएगा।

बरसात होने की स्थिति में समारोह का आयोजन स्थानीय अनाज मंडी में किया जाएगा। हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने वाले 79वां स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर बुधवार को एसडीएम विकास यादव ने संयुक्त कार्यालय परिसर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक ली। इस दौरान आयोजन को सफल एवं भव्य बनाने के लिए प्रशासनिक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। विकास यादव ने समारोह की तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अलग-अलग कार्यों के लिए जिम्मेवारियां सौंपते हुए कहा कि इन्हें पूरी पूरी कर्तव्य निष्ठा के साथ निभाना सुनिश्चित करें। समारोह से पहले 13 अगस्त को फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल आयोजित की जाएगी। इसमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, मार्च पास्ट और अन्य गतिविधियों की तैयारी जांची जाएगी।



नारनौंद। स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक करते एसडीएम विकास यादव।

### 1000 पौधों की व्यवस्था करने के दिए निर्देश

समारोह में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को फलदार एवं औषधीय पौधे भेंट किए जाएंगे। यह पहल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वन विभाग के अधिकारियों को समारोह स्थल पर कम से कम 1000 पौधों की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। समारोह के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।

## धरती को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर बनाएं हरी-भरी : ईश्वर

**नारनौंद।** गुप्तचर विभाग द्वारा गांव माढ़ा के एसबीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में पौधरोपण किया गया। साथ ही स्कूली छात्रों को ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने के लिए जागरूक भी किया गया।



इस दौरान स्कूली छात्रों ने शपथ ली कि वह एक-एक पेड़ लगाकर उसकी देखभाल भी करेंगे। इस दौरान गुप्तचर विभाग के हांसी यूनिट प्रभारी ईश्वर सिंह और स्कूल के प्रिंसिपल सुनील चहल विशेष तौर पर मौजूद रहे। सीआईडी यूनिट हांसी के इंचार्ज ईश्वर सिंह ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता के मूलमंत्र दिए। उन्होंने बताया कि पेड़ लगाने से धरती पर ऑक्सीजन का भंडार और ज्यादा बढ़ेगा। हमें धरती पर ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर इसको हरा भरा करना होगा। स्कूल के प्रिंसिपल सुनील चहल ने वृक्षो से होने वाले लाभ तथा इनके महत्व को बताकर विद्यार्थियों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया।

## श्रीश्याम बालाजी सेवादार मंडल ने नई सब्जी मंडी में लगाया भंडारा



**हिसार।** श्रीश्याम बालाजी सेवादार मंडल की टीम ने आज बारस पर नई सब्जी मंडी में 33 वां मासिक भंडारा लगाया। भंडारे की शुरुआत प्रधान सुरेंद्र बालान, वरिष्ठ सदस्य प्रवीण सहारण व कमल पुरोहित द्वारा भोग लगाकर की गई। सैंकड़ों लोगों ने कढ़ी चावल का प्रसाद ग्रहण किया। इस असर पर मंडल के सदस्य अरुण सेठी, हैप्पी बालान, सुभाष सैनी, राजेंद्र सैनी, डॉक्टर मोहित, प्रवीण कुमार, हैप्पी सैनी, अशोक रोहिल्ला, ललित सैनी, सोनू जांगिड़, संजय शर्मा, विजय बालान, कुश कुकरेजा, अमित सैनी बावलिया, राजू मामा, अमित बजाज, सौरभ शर्मा, मिथुन आदि उपस्थित रहे।

## हर घर तिरंगा अभियान चलाना केन्द्र का सराहनीय फैसला : डॉ. आशा



**हिसार।** भाजपा की जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कहा है कि अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने और तिरंगे के साथ व्यक्तिगत और भावनात्मक संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए केन्द्र सरकार की ओर से आजादी का अमृत महोत्सव की श्रृंखला में लगातार चौथे वर्ष 'हर घर तिरंगा' अभियान मनाने का निर्णय सराहनीय व स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि इस बार 'हर घर तिरंगा' अभियान तीन चरणों में चलेगा। पहला चरण 8 अगस्त तक, दूसरा चरण 9 से 12 अगस्त तक तथा तीसरा चरण 13 से 15 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार पहले चरण में 8 अगस्त तक स्कूलों की दीवारों और बोर्ड को तिरंगे से प्रेरित कला से सजाया जाएगा। शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी भवनों आदि में प्रदर्शनियों का आयोजन होगा।

### ऋषि नगर, सेक्टर 14-33, पड़ाव चौक, ऑटो मार्केट, मेला ग्राउण्ड क्षेत्र में चलाया अभियान

# नगर से 'आवारा पशु पकड़ो अभियान' में बाधा डालने और अभद्र व्यवहार करने पर स्कूटी चालक व दो अन्य को गिरफ्तार किया

### नगर निगम ने अभियान के छठे दिन 60 बेसहारा पशुओं को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नगर निगम प्रशासन की ओर से मुख्यमंत्री के आदेश पर अगस्त माह में बेसहारा पशुओं को पकड़ने का विशेष अभियान लगातार जारी है।

बुधवार को अभियान के छठे दिन नगर निगम की टीम ने दयानंद ऋषि विहार नजदीक ऋषि नगर से बेसहारा पशुओं को पकड़ने की शुरुआत की। इसके साथ ही ऋषि नगर, सेक्टर 14, सेक्टर 33, पड़ाव चौक, ऑटो मार्केट फेस-3, मेला ग्राउण्ड और न्यू सब्जी मण्डी क्षेत्र से 60 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गांव ढंढूर के पास बने नगर निगम के गौ अभ्यारण में भेजा गया।




हिसार। बेसहारा पशुओं को पकड़ती नगर निगम की टीम।

अभियान के दौरान जब ऑटो मार्केट फेस-3 में टीम ने एक पशु को पकड़कर वहां बाध दिया। जिस पर कुछ पशुपालक आ गए और उस छुड़वाने की कोशिश की। इसके बाद टीम जब नई सब्जी मंडी पहुंची तो एक स्कूटी चालक व दो अन्य ने गाय को भगाकर दुकान में ले गए। इस पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने स्कूटी चालक व 2 अन्य को पकड़कर को नई सब्जी मंडी पुलिस चौकी में सुपुर्द कर दिया। इसकी शिकायत सहायक नोडल ऑफिसर सुरेन्द्र वर्मा और ड्यूटी मैजिस्ट्रेट सुमित महाजन ने पशु को छुड़ना, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचना तथा अभ्रद व्यवहार करने को लेकर नई सब्जी मण्डी चौकी में कपिल व 2 अन्य पर एफआईआर के लिए दी। इस दौरान डयूटी मैजिस्ट्रेट डॉ. सुमित महाजन मौजूद रहे। नगर निगम की कैटल कैचर टीम, तहबाजारी टीम के इंचार्ज सुरेंद्र शर्मा, टीम सहित, यूनियन प्रधान सुरेन्द्र और पशुपालन विभाग की टीम, स्वास्थ्य विभाग की टीम भी साथ रही।

### निगम वाले गाय ले गए, घर में नहीं बनी चाय, बछड़े ने खाना-पीना छोड़ा

**हिसार।** नगर निगम ओर से चलाए जा रहे पशु पकड़ो अभियान के तहत शहर के अलग-अलग स्थानों से पशु पकड़े जा रहे हैं। इसी को लेकर आज अजीबो गरीब फरियाद मेयर के पास पहुंची। हिसार की सेक्टर 1-4 के नजदीक रहने वाले महिला सुदेश मेयर प्रवीण पोपली के पास पहुंची और कहने लगी कि मेरी गाय नगर निगम वालों ने पकड़ ली है। इस पर मेयर ने कहा कि इसमें मैं क्या कर सकता हूं, यह तो आपको पशु खुले में छोड़ते समय सोचना चाहिए था। महिला ने कहा कि उसने गाय नहीं छोड़ी वो छूट कर भाग गई थी। इतने में नगर निगम की गाड़ी आई और उसे बैठाकर ढंढूर गो अभ्यारण में ले गए। इसके बाद महिला ने कहा कि मेयर साहब गाय के जाने से सुबह से घर में चाय नहीं बनी है। गाय के बछड़े ने खाना-पीना छोड़ दिया है। मुझे मेरी गाय वापस दिला दो। मेयर ने कहा कि निगम में 11 हजार रुपए की जुर्माने की पर्ची कटेगी, वो भरकर गाय ले जा सकती हो। महिला सुदेश ने बताया कि मेयर से बात हुई, तो उन्होंने 11 हजार रुपये भरने को कहा है। उसकी इतनी हैसियत नहीं है, वह ज्यादा से ज्यादा 1100 रुपये की पर्ची कटवा सकती है। मेयर ने कहा है कि वो इसमें कोई मदद नहीं कर सकते। अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा ने कहा कि इस अभियान के दौरान अगर कोई क्षेत्रवासी या पशुपालक बाधा उत्पन्न करेगा तो पशु क्रुरता एवं अन्य धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। शहर में सड़कों पर कोई पशु नहीं छोड़ सकता।



हिसार। गाय छुड़वाने की फरियाद लेकर मेयर के पास पहुंची महिला।

बारिश का मौसम चल रहा है तो इसका यह मतलब नहीं कि आप अपना वर्कआउट शेड्यूल रोक दें। इस दौरान आप कुछ मजेदार टाइप के वाटर वर्कआउट भी कर सकते हैं, अपनी फिटनेस मेंटेन कर सकते हैं।

## रेनी सीजन में करें ये मजेदार वाटर वर्कआउट्स



फिटनेस

शिखर चंद जैन

अकसर लोग बारिश का मौसम आते ही खुद को घर में समेट लेते हैं। मॉर्निंग वॉक, जॉगिंग, खेलकूद सब बंद कर देते हैं। जबकि फिटनेस रिजाइम बारहों महीने जारी रखना जरूरी है। आइए जानते हैं, कुछ वाटर वर्कआउट्स के बारे में, जिनसे आप फिट तो रहेंगे ही खूब मजा भी आएगा।

**पैडल बोर्ड योगा:** किसी शांत झील में ठंडी हवाओं का आनंद लेते हुए पैडल बोर्ड पर अपने शरीर का संतुलन बनाना पैडल बोर्ड योगा कहलाता है। यह इन दिनों यूथ्स की पसंदीदा योगा स्टाइल है। पैडल बोर्ड पर तरह-तरह के आसन, ट्री-पोज या वारियर पोज बनाना युवाओं को खूब पसंद आता है।



**एक्वाटिक बूट कैंप:** इसके तहत एक घंटे में 10-12 हाइ इंटेंसिटी रुटीन के दो या तीन वर्कआउट परफॉर्म किए जाते हैं। इनसे 1200 कैलोरी तक बर्न की जा सकती है। ऐसे में हाई-नी स्प्रिंट, पुश एंड पुल, जंप अप के साथ स्क्वैट, बैकवार्ड रनिंग, एक्वा डंबल के साथ बाइसेप कर्ल्स जैसी कई एक्सरसाइज शामिल होती हैं। दो-तीन मिनट के विश्राम के बाद सेट दोहराए जाते हैं। लेकिन इसके लिए कम से कम 4 फीट गहरा पूल होना चाहिए।

**एक्वा जुंबा:** आप डांस के शौकीन हैं तो एक्वा जुंबा के माध्यम से अपना शौक पूरा करने के साथ फिटनेस भी पा सकते हैं। एक्वा जुंबा नए जमाने की एक्वाटिक डांस फिटनेस विधि है। इसमें पारंपरिक एक्वा ऐरोबिक्स और लैटिन जुंबा डांस का मिश्रण होता है। 45 मिनट का सेशन काफी फायदेमंद होता है। हां, इसे पूल के छिछले पानी वाले हिस्से में किया जाता है, इसलिए इसे करने के लिए स्विमिंग जानने की जरूरत नहीं।

**एक्वा योगा:** सामान्य रूप से जमीन पर किए गए योग की तुलना में पानी में किए गए योग के कई अतिरिक्त फायदे होते हैं। पानी की तरलता और कोमलता शरीर को सुरक्षा देती है, जिससे जोड़ों, घुटनों, कोहनियों और कमर में इंज्यरी होने के चांस ना के बराबर हो जाते हैं। पानी में स्ट्रेचिंग और डीप ब्रीदिंग के कांबिनेशन से शरीर को मजबूती, स्टेटिक बैलेंस और रिलैक्सेशन का फायदा मिलता है। एक्वायोगा के लिए पानी का तापमान 20-25 डिग्री सेल्सियस तक रहना अच्छा होता है, इसलिए मसल्स को रिलैक्स होने में मदद मिलती है और कोई पोज लंबे समय तक करने का फायदा मिलता है।

**स्पॉट जॉगिंग:** स्पॉट जॉगिंग करने के लिए कमर तक पानी में खड़े हो जाएं। दोनों हाथ सीधे ऊपर की ओर उठाएं और जैसे जॉगिंग करते हैं, वैसे ही करें। चर्बी कम करने और जोड़ों के दर्द से राहत दिलाने के लिए यह एक आसान और उपयोगी व्यायाम है। ज्यादा फायदा उठाने के लिए पानी में एक मिनट तक जिग-जैग पैटर्न में दौड़ें। अगले मिनट जहां से दौड़कर आए थे वहां वापस सीधे दौड़ कर जाएं। यह है वॉटर जॉगिंग। इस प्रकार आप प्रति मिनट करीब 17 कैलोरी फैट बर्न कर सकते हैं।

**ब्रिस्क वॉकिंग:** स्विमिंग पूल के एक छोर से दूसरे छोर तक तेजी से चल कर जाएं, लेकिन घुटनों पर भार देकर नहीं, पूरे-पूरे पग तली यानी जमीन पर टिकाते हुए चलें। इससे भी कैलोरी बर्न होती है। यहां बताए गए सभी वाटर वर्कआउट करने से पहले एक्सपर्ट से सीख लें। बेहतर होगा कि वाटर वर्कआउट कराने वाले सेंटर में किसी एक्सपर्ट की गाइडेंस में भी इसे करें। आपको स्वीमिंग आना भी जरूरी है। *

सीजनल प्रॉब्लम

शैलेंद्र सिंह

बारिश के मौसम में कुछ लोग बेवजह की उदासी या चिड़चिड़ापन महसूस करने लगते हैं। ये लक्षण डिप्रेशन जैसे लगते है लेकिन वास्तव में ऐसा मानसून ब्लूज के कारण होता है। क्या है मानसून ब्लूज, इसके कारण और बचाव के उपाय के बारे में आपको जरूर जानना चाहिए।

## मानसून ब्लूज बारिश के मौसम में जब मन रहने लगता है उदास


बारिश की रिमझिम बूंदें मन में रोमांच, ताजगी और कल्पनाओं के रंग घोलती हैं। मगर कई बार ये सारी कवितायी फुर्र हो जाती है। मन उदास हो जाता है। बेचैनी बढ़ जाती है और जो बारिश कल्पनाओं के सितार बजाती है, वह अचानक भयावह लगने लगती है। जी हां, इसे मानसून की मनोवैज्ञानिक अस्वस्थता यानी 'मानसून ब्लूज' कहते हैं। बारिश के लंबे-लंबे दौर जब रोमांचित करने की जगह मन को थकाने लगते हैं, बेवजह चिड़चिड़ापन तारी हो जाता है, कुछ भी अच्छा नहीं लगता, बिना कोई बात हुए भी दिल और मन को उदासी जकड़ लेती है, ऐसी स्थिति को भी मानसून ब्लूज कहते हैं।

**मानसून ब्लूज के कारण:** यह मौसम से जुड़ी मनोवैज्ञानिक प्रतिक्रिया है, जिससे हर साल मानसून के मौसम में दो, चार, दस नहीं हजारों लोग प्रभावित होते हैं। चिंता की बात तो यह है कि इस डिजिटल दौर में यह बीमारी कुछ ज्यादा ही संक्रामक होने लगी है। सवाल है, इसका कारण क्या होता है? विशेषज्ञों के अनुसार और हार्वर्ड मेडिसिन स्कूल की मानें तो जब बारिश के दिनों में लगातार आठ घंटे से ज्यादा बादल छाए रहते हैं, धूप का नामोनिशान नहीं होता, तो इंसान के मूड और व्यवहार में बारिश की कल्पना नकारात्मक असर डालने लगती है। कई बार सावन-भादो के महीनों में कई-कई दिनों तक घटाएं घिरी रहती हैं और अंधियारा वातावरण रहता है, जिससे मन बिल्कुल बेचैन हो उठता है, क्योंकि सूरज की रोशनी शरीर को न मिलने से हमारे बॉडी में जो हैप्पी हार्मोन यानी सेरोटोनिन बनता है, उसका लेवल लगातार नीचे गिरने लगता है। गौरतलब है कि यही हार्मोन हमारे मूड को स्थिर रखता है और इसे पॉजिटिव बनाए रखने में हमारी मदद करता है। जब बारिश के दिनों में कई-कई घंटे लगातार सूरज की रोशनी नहीं दिखती, चारो तरफ अंधेरा सा माहौल बन जाता है, तो हमारे शरीर की पॉजिटिव एनर्जी खत्म हो जाती है और सेरोटोनिन के अभाव में हमारे अंदर उदासी छाने लगती है, जो जल्द ही चिड़चिड़ेपन में बदल जाती है। इसकी वजह यह होती है कि शरीर में विटामिन डी का लेवल कम हो जाता है। जिस कारण हम थकान, लो एनर्जी और इम्यूनिटी वीकनेस के शिकार हो जाते हैं और हमें कुछ भी अच्छा नहीं लगता।

लगातार बारिश होने से या बादलों के छाए होने से हमारे मूड बस्टर हार्मोन सेरोटोनिन में कमी हो जाती है और नींद आलस और चिड़चिड़ापन लाने वाले हार्मोन मेलोटोनिन की मात्रा बढ़ जाती है। यह अकसर उनको ज्यादा होता है, जो बारिश के दिनों में वर्क फ्रॉम होम करते हैं। कई-कई घंटे एक ही जगह बैठे रहते हैं। कई दिन घर से बाहर नहीं निकलते। लोगों से मिलना जुलना काफी कम हो जाता है।

### डिप्रेशन नहीं है मानसून ब्लूज

**मानसून ब्लूज** की स्थिति हमें भले अवसादजनक स्थिति का एक रूप लगे, लेकिन यह टेंपरेरी स्थिति होती है, जबकि अवसाद इसके मुकाबले स्थायी स्थिति होती है। मानसून ब्लूज की स्थिति बारिश के दिनों में धूप निकलते ही खत्म होने लगती है और एक घंटे तक धूप में रहने पर लगभग गायब हो जाती है। मानसून ब्लूज में अस्थाई रूप से कोई व्यक्ति हल्की थकान, उदासी और चिड़चिड़ेपन का शिकार हो जाता है तथा अकेलापन महसूस करता है। जबकि डिप्रेशन की स्थिति में ये सारी स्थितियां एहसास नहीं होती बल्कि हमारी वास्तविकता बन जाती हैं। मानसून ब्लूज में हमें खुद लगता है कि हम उदास हैं, लेकिन जब हम डिप्रेशन में होते हैं और डिप्रेशन के कारण उदास होते हैं, तब हमें खुद यह एहसास नहीं होता कि हम उदास हैं। यही नहीं डिप्रेशन के कारण जब हम चिड़चिड़े होते हैं, तब हमें इस चिड़चिड़ेपन का भी एहसास नहीं होता बल्कि लगता है कि हम तो बिल्कुल ठीक हैं, दूसरे लोग हमें चिड़चिड़ा साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। इसलिए मनोचिकित्सक मानसून ब्लूज को अस्थायी डिप्रेशन की स्थिति मानते हैं, जबकि डिप्रेशन को एक क्लीनिकल मानसिक बीमारी का दर्जा देते हैं।





**इन्हें होता है ज्यादा रिस्क:** मानसून ब्लूज या अस्थाई अवसाद की स्थिति से आमतौर पर वे लोग ज्यादा शिकार होते हैं, जो कम सोशल होते हैं यानी जो लोग दूसरे लोगों से सहजता से इंट्रेक्शन नहीं करते। इसके अलावा जो लोग पहले से ही मानसिक तनाव या डिप्रेशन की स्थिति से जूझ रहे हैं, ऐसे लोग लगातार बारिश और कम रोशनी के मौसम में मानसून ब्लूज का शिकार हो जाते हैं। आजकल वर्क फ्रॉम होम करने वाले प्रोफेशनल भी मानसून ब्लूज की समस्या के शिकार हो जाते हैं। इसके अलावा सीनियर सिटीजन, ज्यादा समय तक सोने वाले और दिन का ज्यादातर समय मोबाइल में बिताने वाले लोग भी मानसून ब्लूज का आसानी से शिकार होते हैं। जिन लोगों की दिनचर्या निश्चित नहीं होती, जिनका हर दिन का एक सा रूटीन नहीं रहता। वो लोग भी मानसून ब्लूज की स्थिति का शिकार होते हैं।



**ना बरतें लापरवाही:** हालांकि मानसून ब्लूज कोई जानलेवा बीमारी नहीं है, यह सिर्फ एक मनःस्थिति है। फिर भी यह खतरनाक हो सकती है, अगर एक हफ्ते से ज्यादा बनी रहे। दो हफ्तो से ज्यादा बने रहने पर तो यह गंभीर स्थिति और खतरनाक हो सकती है। आप डिप्रेशन में जा सकते हैं। अनिद्रा का शिकार हो सकते हैं। भूख बिल्कुल नहीं लग सकती और आपके विचार पूर्णतः नकारात्मक हो जाते हैं। इसलिए जैसे ही मानसून के दिनों में मानसून ब्लूज की जकड़न में होने का एहसास हो, तुरंत इससे बाहर निकलने कोशिश करें।

**बचाव के उपाय:** मानसून ब्लूज से छुटकारा पाने के कुछ कारगर तरीके हैं। जब भी, जरा भी सूरज निकले तुरंत रोशनी में आएं, खुद को प्राकृतिक रोशनी में एक्सपोज करें। थोड़ी देर तक धूप में बैठें। घर के दरवाजे, खिड़कियां खोल दें, जिनसे खिड़कियों के रास्ते प्राकृतिक रोशनी आए और कमरे का अंधेरापन दूर हो। हल्का वॉक करें, शरीर को स्ट्रेच करें, योग करें, दोस्तों से बातचीत करें, अपने मनपसंद गीत सुनें, किसी दोस्त से फोन पर बात करें। आजकल सोशल मीडिया का दौर है, इसलिए अपने मनपसंद विषय की कुछ मजेदार रील्स देखें और रूटीन से खुद को अलग करने की कोशिश करें। बुक रीडिंग, म्यूजिक, रचनात्मक गतिविधियां या अपनी मनपसंद हॉबी में कुछ देर गुजारें, जिससे मूड बदलेगा और अवसाद की स्थिति से छुटकारा मिलेगा। मानसून ब्लूज से बचने के लिए अपना खान-पान भी सुधारें। ऊर्जा देने वाले ताजे फल खाएं, अंकुरित अनाज लें, गर्मा-गर्म सूप पीएं, ज्यादा शुगर और जंक फूड्स खाने से बचें।

**इन पर भी गौर करें:** अगर लगातार काम करना पड़ रहा है तो कुछ देर काम छोड़कर रिलैक्स करें, आगे की योजना बनाएं। नियमित तौर पर समय पर सोएं और समय पर बिस्तर से उठें। इस सबसे काफी हद तक मानसून ब्लूज की अवसादजनक स्थिति से बाहर आ सकते हैं। साथ ही इस बात को भी याद रखें कि यह एक मनःस्थिति है, कोई स्थाई बीमारी या कमजोरी नहीं है। इसलिए ऐसी स्थिति से डरे नहीं बल्कि इसे स्वस्थ शरीर की एक जैविक और भावनात्मक प्रतिक्रिया समझकर निश्चिंत रहें कि आप स्वस्थ हैं और जल्द ही इस सबसे बाहर आ जाएंगे। ऐसा सोचने से जल्द ही आप इससे छुटकारा पा सकते हैं। *

**आजकल वर्क फ्रॉम होम करने वाले प्रोफेशनल भी मानसून ब्लूज की समस्या के शिकार हो जाते हैं। इसके अलावा सीनियर सिटीजन, ज्यादा समय तक सोने वाले और दिन का ज्यादातर समय मोबाइल में बिताने वाले लोग भी मानसून ब्लूज का आसानी से शिकार होते हैं।**

## लंबे समय तक गोद में लैपटॉप और जेब में फोन रखने से टूट सकता है पिता बनने का सपना

### पुरुष की प्रजनन क्षमता पर पड़ता है नकारात्मक असर, नपुंसकता का खतरा

शोध में दावा/ सेहत को नुकसान

**कलकत्ता** विश्वविद्यालय (सीयू) के प्राणि विज्ञान विभाग की आनुवंशिकी अनुसंधान इकाई और कोलकाता स्थित प्रजनन चिकित्सा संस्थान (आईआरएम) द्वारा किए गए एक संयुक्त अध्ययन में दावा किया गया है कि पैंट की जेब में लंबे समय तक मोबाइल फोन रखने और लैपटॉप को गोद में रखकर काम करने से पुरुष की प्रजनन क्षमता पर नकारात्मक असर होता है और यहां तक उनके नपुंसक होने का खतरा भी बढ़ जाता है। इस अध्ययन की शुरुआत 2019 में प्रोफेसर सुजय घोष (कलकत्ता विश्वविद्यालय) के नेतृत्व में हुई थी और पांच साल तक हुए अध्ययन में डॉ रत्ना चट्टोपाध्याय (आईआरएम), डॉ समुद्र पाल (कलकत्ता विश्वविद्यालय), डॉ परनब पलाधी (आईआरएम) और डॉ सौरव दत्ता (कलकत्ता विश्वविद्यालय) ने सहयोग किया। अध्ययन के नतीजों की प्रति बुधवार को उपलब्ध कराई गई। अनुसंधान पत्र के मुताबिक, "पुरुष बांझपन के इलाज के लिए आईआरएम आने वाले लोगों को अध्ययन में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। इस दौरान महिला बांझपन की वजह से संतान पैदा होने में आने वाली समस्या वाले जोड़ों और पुरुष बांझपन (शारीरिक दोषों के कारण) के मामलों को इसमें शामिल नहीं किया। अध्ययन में विशेष रूप से अज्ञात कारणों से होने वाले पुरुष बांझपन के मामलों पर ध्यान केंद्रित किया गया, विशेष रूप से एज़ोस्पर्मिया (वीर्य में शुक्राणुओं की अनुपस्थिति) या ओलिगोज़ोस्पर्मिया (शुक्राणुओं की कम संख्या) वाले मामलों पर।" अध्ययन का नेतृत्व करने वाले डॉ.घोष ने बताया कि अध्ययन में उन मरीजों को भी शामिल नहीं किया गया जिनमें आनुवंशिक निदान परीक्षणों से ज्ञात संक्रामक रोगों की जानकारी मिली। उन्होंने बताया कि उपरोक्त मरीजों से इतर कुल करीब 1,200 मरीजों को अध्ययन में शामिल किया गया। प्रोफेसर घोष ने बताया कि अध्ययन में शामिल पुरुषों से एक व्यापक प्रश्नावली के माध्यम से साक्षात्कार किया गया, जिसमें जीवनशैली, आदतों, व्यसनों, आहार संबंधी प्राथमिकताओं, यौन गतिविधि, व्यवसाय और मनोवैज्ञानिक कारकों के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया - जिन्हें सामूहिक रूप से महामारी विज्ञान डेटा कहा जाता है।



### वीर्य और रक्त के नमूने लिए

उन्होंने बताया कि पुनरावृत्ति और झूठी जानकारी की आशंका को समाप्त करने के लिए प्रतिक्रियाओं को उपयुक्त सांख्यिकीय परीक्षणों के माध्यम से छांटा गया। इसके बाद प्रतिभागियों के वीर्य और रक्त के नमूने लिए गए। दोनों स्रोतों से डीएनए निकाला गया और उत्परिवर्तनों की पहचान के लिए अगली पीढ़ी के अनुक्रमण (ए हाई-थ्रूपुट जेनेटिक एनलिसिस टेक्नीक) से किया गया। ®उन्होंने कहा कि कई जीन उत्परिवर्तनों की पहचान की गई, जिनका विश्लेषण उपयुक्त सांख्यिकीय मॉडलों का उपयोग करके महामारी विज्ञान और जीवनशैली संबंधी आंकड़ों के साथ किया गया। प्रो. घोष ने बताया कि निष्कर्षों से जानकारी मिली कि जिन पुरुषों में विशिष्ट आनुवंशिक उत्परिवर्तन होते हैं, उनमें मोबाइल फोन और लैपटॉप जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के संपर्क में आने से बांझपन का जोखिम काफी अधिक होता है।

### उच्च-तीव्रता वाला विद्युत चुम्बकीय क्षेत्र बनता

अध्ययन में रेखांकित किया गया,"यह पाया गया कि लैपटॉप को गोद में रखने या मोबाइल फोन को पैंट की जेब में रखने से उच्च-तीव्रता वाला विद्युत चुम्बकीय क्षेत्र बनता है। ऐसे क्षेत्रों में अंडकोषों के लंबे समय तक संपर्क में रहने से और उससे जुड़ी गर्मी से - अंडकोषों के भीतर नाजुक ऊतकों को काफी नुकसान पहुंचता है, जिससे शुक्राणु-उत्पादक कोशिकाएं क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। यह क्षति विशिष्ट जीन उत्परिवर्तन वाले व्यक्तियों में अधिक गंभीर प्रतीत होती है और विशेष रूप से युवा पुरुषों के लिए चिंताजनक है, जो ऐसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का सबसे अधिक उपयोग करते हैं।" इसमें कहा गया है, "जो लोग इन उपकरणों के साथ लंबे समय तक सीधे शारीरिक संपर्क बनाए रखते हैं, वे सबसे अधिक असुरक्षित माने जाते हैं।" घोष ने कहा, "जीव प्रणालियों में सामान्यतः स्वयं को ठीक करने के तंत्र होते हैं।

सजेशन / डॉ.माजिद अलीम

## बड़ी समस्या बनता जा रहा मोटापा

भारत के दस में से दो घरों के सभी वयस्क ओवरवेट (अधिक वजन) वाले यानी मोटे हैं। यह बात एक नए अध्ययन में सामने आई है। पांचवें नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे (एनएफएचएस-5, 2019-21) के डाटा का आईसीएमआर, नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर कैंसर प्रिवेंशन एंड रिसर्च (एनआईसीपीआर), टेरी स्कूल ऑफ़ एडवांस्ड स्टडीज और सिंबोसिस इंटरनेशनल के शोधकर्ताओं ने अध्ययन किया। उन्होंने 6 लाख से अधिक घरों में ओवरवेट और मोटापे का विश्लेषण किया और इस नतीजे पर पहुंचे कि लगभग 20 प्रतिशत घरों के सभी वयस्क सदस्य ओवरवेट की श्रेणी में हैं, जबकि 10 प्रतिशत घरों के सभी वयस्क सदस्य मोटे की श्रेणी में हैं। जाहिर है खराब जीवनशैली के कारण व्यक्ति ओवरवेट या मोटा होता है और बीमारियों को आमंत्रित करता है। एक अन्य शोध से मालूम होता है कि बढ़ते जीवनशैली रोगों के कारण दिल, मधुमेह आदि रोगों की दवाओं की बिक्री में जबरदस्त इज़ाफ़ा हुआ है।



**गंभीर हो सकती है समस्या:** पब्लिक हेल्थ जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन में कहा गया है कि आमतौर से परिवार के सभी सदस्यों का एक साथ वजन बढ़ता है। यह संभवतः इसलिए होता है, क्योंकि एक परिवार में सभी सदस्यों का खान-पान और जीवनशैली का तरीका लगभग समान ही होता है। इसका संबंध जींस से भी हो सकता है। बहरहाल, इस अध्ययन के मुख्य शोधकर्ता प्रशांत कुमार सिंह का कहना है कि परिवार में सभी सदस्यों के मोटे होने से इस बात को बल मिलता है कि मोटापे को रोकने के लिए परिवार-केंद्रित प्रयास किए जाने चाहिए बजाय व्यक्ति-केंद्रित हस्तक्षेप के। अध्ययन में ऐसे परिवारों को सावधान किया गया है कि उनके सदस्यों को अनेक असंक्रमित रोगों के होने का भयंकर खतरा है। यह बात हर कोई जानता है कि मोटे लोगों के दिल व पाचन की स्वास्थ्य स्थिति अच्छी नहीं रहती है और उन्हें अनेक क्रोनिक रोग हो सकते हैं जैसे डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, स्ट्रोक, हार्ट फेल आदि। मोटापे का संबंध 13 प्रकार के कैंसर से भी है।

**सावधानी है जरूरी:** चिंता की बात यह है कि युवा आयु वर्ग में मोटापे से ग्रस्त लोग निरंतर बढ़ते जा रहे हैं। तीस-चालीस साल के व्यक्तियों को यह बड़ी संख्या में हो रहा है, जबकि पहले इनका संबंध बुजुर्ग लोगों से होता था। युवाओं की खराब जीवनशैली इसका मुख्य कारण है। ऐसे में दवाओं से बचना है और स्वस्थ रहना है तो नियमित एक्सरसाइज करना, संतुलित आहार का सेवन जरूरी है। इसके साथ ही अपना वजन ना बढ़ने दें। *

## क्या यह सच है कि कम सामग्री वाले खाद्य पदार्थ अधिक स्वास्थ्यवर्धक होते हैं?

### हर उत्पाद की पोषण संबंधी जानकारी ध्यान से जांचे, खाद्य लेबल जरूर पढ़ें

सावधानी/ ध्यान से चुने खाद्य पदार्थ

लंबे और थकाऊ दिन के आखिर में भला किसके पास यह समय होता है कि वह अपनी 'शॉपिंग बास्केट' में डाले गए हर उत्पाद की पोषण संबंधी जानकारी ध्यान से जांचे? स्वास्थ्यवर्धक भोजन करने के लिए कुछ लोग एक सरल नियम का पालन करना पसंद करते हैं: ऐसे उत्पाद चुनें जिनकी सामग्री (इन्ग्रीडीएन्ट) सूची छोटी हो। विचार यह है कि कम सामग्री वाले खाद्य पदार्थ कम प्रसंस्कृत होते हैं, अधिक 'प्राकृतिक' माने जाते हैं और इसलिए स्वास्थ्यवर्धक होते हैं। लेकिन क्या हमेशा ऐसा ही होता है? यहां बताया गया है कि सामग्री सूची की लंबाई आपको पोषण के बारे में क्या बता सकती है और क्या नहीं - आपको और क्या देखना चाहिए। आप अधिकांश पैकेज्ड खाद्य पदार्थों के लेबल पर सामग्री की सूची पा सकते हैं, जो आपको उस खाद्य पदार्थ को बनाने में प्रयुक्त सामग्री की संख्या और प्रकार के बारे में बताती है। ऑस्ट्रेलिया में, पैकेज्ड खाद्य उत्पादों को ऑस्ट्रेलियाई और न्यूजीलैंड खाद्य मानक संहिता द्वारा निर्धारित कुछ नियमों का पालन करना होता है। खाद्य पदार्थों की सामग्री को उनके वजन के क्रम में सूचीबद्ध किया जाना चाहिए। इसका मतलब है कि सूची में सबसे पहले वाली चीजें ही उत्पाद का सबसे बड़ा हिस्सा बनाती हैं। सबसे आखिर वाली चीजें सबसे कम होती हैं। खाद्य लेबल में पोषण संबंधी जानकारी पैनल भी शामिल होता है, जो आपको प्रत्येक बार परोसे जाने पर प्रमुख पोषक तत्वों (ऊर्जा, प्रोटीन, कुल कार्बोहाइड्रेट, शर्करा, कुल वसा, संतृप्त वसा और सोडियम) की मात्रा बताता है। यह पैनल आपको प्रति 100 ग्राम या मिलीलीटर में सामग्री भी बताता है, जिससे आप प्रतिशत की गणना कर सकते हैं। जिन उत्पादों की सामग्री सूची में केवल एक, दो या तीन वस्तुएं होती हैं, वे आमतौर पर अपने उस रूप के क़रीब होते हैं जैसा खाद्य पदार्थ खेत से सीधे लाए जाने पर होता है। इसलिए, भले ही ये पैकेजिंग में आते हों, इन्हें संपूर्ण खाद्य पदार्थ माना जा सकता है। 'संपूर्ण खाद्य पदार्थ' वे हैं जिन पर शून्य से न्यूनतम प्रसंस्करण किया गया है, जैसे ताजे फल और सब्जियां, दालें, फलियां, साबुत अनाज जैसे जई या भूरा चावल, बीज, मेवे और अप्रसंस्कृत मांस और मछली। समग्र स्वास्थ्य को सहारा देने के लिए, ऑस्ट्रेलियाई आहार संबंधी दिशानिर्देश संपूर्ण खाद्य पदार्थ खाने तथा अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों को सीमित करने की सलाह देते हैं।



### अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों में सामग्री की सूची होती लंबी

कई संपूर्ण खाद्य पदार्थ, जैसे ताजे फलों और सब्जियों में सामग्री की सूची नहीं होती, क्योंकि वे पैकेट में नहीं आते। लेकिन कुछ लोग ऐसा करते हैं, जिनमें शामिल हैं: डिब्बाबंद या फ्रोजन सब्जियां, जैसे कि काली बीन्स या फ्रोजन मटर का डिब्बा, डिब्बाबंद मछली, उदाहरण के लिए, झरने के पानी में ट्यूना, सादा ग्रीक दही। इस प्रकार के खाद्य पदार्थ प्रतिदिन स्वस्थ संतुलित आहार में योगदान दे सकते हैं। छोटी सामग्री सूची का अर्थ यह भी है कि उत्पाद के अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ होने की संभावना कम है। यह औद्योगिक प्रक्रियाओं का इस्तेमाल करके बनाए गए उत्पादों का वर्णन करता है, जिसमें कई सामग्रियों को मिलाया जाता है, जिनमें अक्सर रंग, स्वाद और अन्य योजक शामिल होते हैं। ये उत्पाद अतिस्वादिष्ट होते हैं, सुविधानुसार पैक किए जाते हैं और डिजाइन किए गए हैं। अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों में अक्सर सामग्री की सूची लंबी होती है, क्योंकि उनमें अतिरिक्त शर्करा (जैसे डेक्सट्रोज), संशोधित तेल, प्रोटीन स्रोत (उदाहरण के लिए, सोया प्रोटीन आइसोलेट) और कॉस्मेटिक योजक - जैसे रंग, स्वाद और गाढ़ा करने वाले पदार्थ शामिल होते हैं।

### खाद्य पदार्थों के कुछ उदाहरण

लंबी सामग्री सूची वाले अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के कुछ उदाहरणों में शामिल हैं: भोजन-प्रतिस्थापन पेय, पौधे-आधारित नकली मांस उत्पाद, कुछ वाणिज्यिक बेकरी आइटम, जिनमें कुकीज या केक, इंस्टेंट नूडल स्नैक्स, ऊर्जा या प्रदर्शन पेय शामिल हैं। यदि किसी खाद्य पदार्थ की अत्यधिक ब्रांडिंग और उसका विपणन किया जाता है, तो इसके अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ होने की अधिक संभावना है। पोषण एक संख्या से कहीं अधिक है। कम सामग्री सूची वाले उत्पादों का चयन करना एक सामान्य नियम के रूप में काम कर सकता है।

## खबर संक्षेप

### गो-तस्करी के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** अवैध गौ-तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना भूना पुलिस टीम ने वर्ष 2022 के गौ-तस्करी के एक मामले में वांछित आरोपी जुनेद पुत्र खूबी खान निवासी गांव बाइका डंडा, जिला नूंह, को गिरफ्तार किया है। पुलिस रिकॉर्ड की जांच में सामने आया है कि आरोपी के विरुद्ध विभिन्न थानों में 6 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### 'शाहजी फास्ट फूड' पर बिक रहा था डोडा पोस्त

**रतिया।** मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एएनसी स्टाफ फतेहाबाद पुलिस टीम ने गांव लाली से एक संदिग्ध व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से 2 किलो 886 ग्राम डोडा पोस्त बरामद की है। आरोपी की पहचान सोनू पुत्र बाबू राम निवासी वार्ड नंबर 7, रतिया के रूप में हुई है। पुलिस टीम एसआई भूपिंदर सिंह के नेतृत्व में गश्त पर थी। इस दौरान टसूचना मिली कि गांव लाली स्थित रविदास मार्केट, रतिया में 'शाहजी फास्ट फूड' नामक दुकान पर डोडा पोस्त बेच रहा है।

### अवैध शराब निकालते महिला को किया काबू

**टोहाना।** टोहाना पुलिस ने गांव ललौदा में घर में अवैध शराब निकाल रही एक महिला को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक शादी राम ने बताया कि पुलिस टीम अपराध की रोकथाम हेतु गश्त पर थी। इसी दौरान गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि गांव ललौदा में एक मकान में अवैध रूप से शराब बनाई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई की।

### 6 सालों से फरार अपराधी सीआईए के हत्थे चढ़ा

**फतेहाबाद।** सीआईए स्टाफ फतेहाबाद पुलिस ने सीआईए प्रभारी निरीक्षक कुलबीर सिंह के नेतृत्व में 6 वर्ष पुराने गंभीर आपराधिक मामले में उद्घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जसपाल सिंह निवासी शेखुपुरा बस्ती, सुनामी गेट, संगरूर, पंजाब के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया था।

## श्रम मंत्री के नाम नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# भवन निर्माण मजदूर संघ ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी

तहसील भवन निर्माण मजदूर संघ इकाई के मजदूरों की एक बैठक श्री काली मंदिर के समीप भगत सिंह पार्क में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हांसी तहसील के प्रधान रोहित नैन ने की। बैठक के दौरान मंच संचालन जिला हिसार के प्रधान जोरा सिंह पावड़ा ने किया। बैठक में हरियाणा इंटक के महामंत्री भवन निर्माण मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष धर्मवीर सिंह लोहान प्रदेश महासचिव कृष्ण कुमार नैन मुख्य वक्ता थे। बैठक के उपरांत मजदूर संघ के सदस्यों ने लघु सचिवालय तक प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा लघु सचिवालय पहुंच एसडीएम राजेश खोथ की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार दयानंद को श्रम मंत्री के नाम अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर मजदूर नेताओं ने कहा कि हरियाणा भवन एवं अन्य सन्निमाण कर्मकार कल्याण बोर्ड के द्वारा मजदूरों की समस्याओं के समाधान की बजाए सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के चलते श्रम मंत्री ने इस बोर्ड का पोर्टल बंद करके मजदूरों को मिलने वाले कल्याणकारी योजनाओं को रोक दिया गया है जिसको लेकर मजदूर में काफी रोष है। उन्होंने कहा कि 2018 तक एक वर्ष में 90 दिन के कार्य प्रमाण पत्र कि वेरीफिकेशन ट्रेड यूनियनों के माध्यम से श्रम विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा कैंप लगाकर पंजीकरण हुआ करते। लेकिन वर्तमान सरकार ने यह अधिकार छीनकर ऑनलाइन सिस्टम के माध्यम से सीएससी सेंटरों और 90 दिन का कार्य प्रमाण पत्र की वेरिफिकेशन ग्राम पंचायत सचिव पटवारी श्रम विभाग के अधिकारियों द्वारा पंजीकृत किए गए जिससे और ज्यादा अवैध पंजीकरण हुए हैं।



**हांसी।** श्रम मंत्री के नाम नायब तहसीलदार दयानंद को ज्ञापन सौंपते मजदूर संगठनों के सदस्य ।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर केसर गहलोत, मीना खेड़ड़, जितेंद्र मलिक, धर्मवीर गुलेरी, अनुप आदमपुर, हरिकेश, राकेश, प्रवीण, नवीन, रोशन, संगीता, परमजीत, सुमित्रा, सुमन, मीणा, सुनीता, निर्मला, सोनिया, पिंकी, सावित्री व मुकेश आदि सहित कई अन्य मौजूद थे।

# पहली तिमाही में जेएसएल की एकल शुद्ध आय 10,341 करोड़ रुपये दर्ज

- जिंदल स्टेनलेस ने 30 जून को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम घोषित किए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) के निदेशक मंडल ने 30 जून, 2025 को समाप्त हुई तिमाही के वित्तीय परिणामों की बुधवार को घोषणा की। कंपनी ने 6,26,252 टन की बिक्री दर्ज की, जो पिछले वर्ष की तुलना में 8.3 प्रतिशत अधिक है। वित्तीय वर्ष 2026 की पहली तिमाही में कंपनी की एकल शुद्ध आय 10,341 करोड़ रुपये दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 8 प्रतिशत अधिक है। एकल एबिट्डा और पीएटी क्रमशः 1,048 करोड़ और 642 करोड़ रुपये रहे, दोनों में पिछले वर्ष की तुलना में क्रमशः 4.3 प्रतिशत और 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई। समेकित शुद्ध आय 10,207 करोड़ रुपये रही, जबकि एबिट्डा और पीएटी क्रमशः 1,310 और 715 करोड़ रुपये रहा। इनमें पिछले वर्ष की तुलना में क्रमशः 8.1 प्रतिशत और 10.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। समेकित शुद्ध ऋण 3,869 करोड़ रुपये रहा, जबकि इक्विटी के मुकाबले शुद्ध ऋण अनुपात 0.2 एक्स रहा।

### बाजार में अपने प्रभाव को मजबूत बनाया



अभ्युदय जिंदल, प्रबंध निदेशक।

घरेलू और निर्यात बाजारों में मांग के संतुलन, मूल्य-वर्धित खंडों (वैल्यू एडेड सेगमेंट) और डाउनस्ट्रीम उत्पादों पर बढ़ते फोकस, विभिन्न क्षेत्रों में नए उत्पादों की पेशकश और परिचालन दक्षता के चलते कंपनी ने निरंतर मजबूत प्रदर्शन बनाए रखा है। घरेलू बाजार में पहली तिमाही के दौरान स्थिर वृद्धि दर्ज की गई, जिसका प्रमुख कारण ऑटोमोटिव, मेट्रो, व्हाइट गुड्स और लिफ्ट एवं एलीवेटर जैसे क्षेत्रों में पिछली तिमाही की तुलना में बेहतर मांग रही। जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा, कि वैश्विक परिदृश्य में निरंतर अस्थिरता के बावजूद, जिंदल स्टेनलेस ने ग्राहकों पर केंद्रित अपने दृष्टिकोण, उत्पादों और विशेष किस्मों में निरंतर नवाचार, और परिचालन दक्षता बनाए रखकर बाजार में अपने प्रभाव को मजबूत बनाया है।

## बाबा के भजन गाकर मनाया श्याम अखंड ज्योत महोत्सव



**हिसार।** हनुमान मंदिर, नागोरी गेट में आयोजित श्याम अखण्ड ज्योत महोत्सव में भजन गाते गायक व उपस्थित श्रद्धालु।

**हिसार।** श्री हनुमान कुरुक्षेत्र सनातन धर्म मंदिर ट्रस्ट की ओर से नागोरी गेट स्थित हनुमान मंदिर में श्रीश्याम अखंड ज्योत का 52वां वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। महोत्सव प्रबंधक रामकुमार गोयल व धर्मपाल गोयल ने बताया कि महोत्सव में भव्य श्याम बाबा का दरबार लगाया गया। मंदिर प्रांगण में आयोजित संकीर्तन में भजन गायकों गोबिंद असीजा, चैतन्य शस्त्री, सुमित सुमित मित्तल, रामनिवास, विनोद कुमार आदि ने खाटू नरेश श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया। गाए गए भजनों में खाटू वाला खाटू वाला ओ नीले घोड़े वाला ..., मिसरी से मीठो नाम हमारी राधा रानी का..., मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है..., हारे के सहारे आजा... आदि शामिल रहे। सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने भजनों का आनंद लिया। आरती के साथ सम्पन्न हुए संकीर्तन के बाद प्रसाद वितरित किया गया।

## संदीप बंसल होंगे विहिप के जिला मंत्री

- विश्व हिन्दू परिषद की हरियाणा प्रान्त बैठक में आगामी कार्यवर्ष की बनाई विस्तृत योजना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

विश्व हिंदू परिषद की हरियाणा प्रान्त की तीन दिवसीय बैठक रोहतक के गौकर्ण तीर्थ आश्रम में संपन्न हुई, जिसमें हिसार के विभाग संगठन मन्त्री प्रवीण क्रान्ति और जिला अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में हिसार से 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने इस बैठक में भागीदारी की। केंद्रीय महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा, प्रान्त अध्यक्ष पवन कुमार (रिटायर्ड जज), प्रांत संगठन मंत्री राधेश्याम शर्मा, प्रान्त मंत्री वरुण गौड़ सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने तीन दिन तक चली बैठक को संबोधित किया। बैठक में आगामी वर्ष के कार्य की विस्तृत योजना बनाई गई। प्रांत व जिलों के स्तर पर अनेक कार्यकर्ताओं के दायित्वों का पुनर्नियोजन किया गया व कुछ नए कार्यकर्ताओं को भी दायित्व सौंपे गए। इस साल हिसार जिले में संगठन के पुराने कार्यकर्ता संदीप बंसल को जिला मंत्री का महत्वपूर्ण दायित्व दिया गया है। समाजसेवी सुरेन्द्र जांगड़ा को जिला उपाध्यक्ष और कपिल वत्स बजरंगी को जिला समिति सदस्य बनाया गया है। प्रान्त की नई योजना में हिसार से प्रोफेसर दीपक कुमार को प्रांत सत्संग टोली में रखा गया है। इस बैठक में रमाशंकर शर्मा, ममता सोनी सहित मीनाक्षी शर्मा ने भी भागीदारी की।



**हिसार।** जिला मंत्री संदीप बंसल व समिति सदस्य कपिल वत्स बजरंगी।

## आरपीएस स्कूल के विद्यार्थियों ने की पौधों की देखभाल

**हांसी।** बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता व पेड़ पौधों के प्रति अपनेपन की भावना विकसित करने के लिए विद्यालय में वन महोत्सव पर विद्यालय प्रशासन द्वारा वितरित किए गए पौधों का मूल्यांकन किया। बच्चों ने एक माह तक उन पौधों की विधिवत तरीके से देखभाल की और ऑनलाइन माध्यम से उन पौधों में आए हुए बदलाव व वृद्धि को विद्यालय के साथ सांझा किया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में सुनील यादव, सविता व धीरज शर्मा ने अहम भूमिका निभाई। इसमें आठवीं की शिक्षा ने प्रथम, सातवीं के अंशुल ने द्वितीय तथा छठी कक्षा के अंश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की मुख्याध्यापिका पूजा राणा ने बच्चों द्वारा किए गए इस प्रशंसनीय कार्य की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार पेड़ पौधों की देखभाल करने के लिए प्रेरित किया।



**हांसी।** पेड़ पौधों की देखभाल करते आरपीएस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी।

## छात्राओं ने वीर सैनिकों को भेजी राखियां

- गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम की भावना का संचार करना रहा :
- एएनओ लै गुंजन शर्मा के नेतृत्व में 36 एनसीसी कैडेट्स ने हिस्सा लिया : नीलम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज भिवानी रोहिल्ला में बुधवार को 3 हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी से जुड़े एनसीसी कैडेट्स ने बोर्डर पर तैनात वीर सैनिकों को पत्र के साथ राखियां भेजी। इस दौरान गुरु जम्भेश्वर यूनिवर्सिटी स्थित 3 हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी हिसार के कमांडिंग आफिसर कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडे के निर्देशन में एनसीसी कैडेट्स ने इस गतिविधि में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। महाविद्यालय चेयरमैन भारत भूषण प्रधान ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि ये सैनिक हर तरफ से हमारी रक्षा करते हैं। महाविद्यालय डायरेक्टर डॉ. नीलम प्रभा ने कहा कि इस गतिविधि के द्वारा विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम की भावना का संचार करना करना था। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. शमीम शर्मा ने कहा कि रक्षाबंधन के पावन पर्व पर देश पर अपनी जान कुर्बान करने को तैयार, सरहद पर चौबीसों घंटे हमारी सुरक्षा के लिए डटे रहने वाले वीर सैनिको के नाम राखी भेजकर एक छोटी सी पहल की गई है । इस अवसर पर एएनओ लै गुंजन शर्मा के नेतृत्व में 36 एनसीसी कैडेट्स ने हिस्सा लिया।




**हिसार।** कार्यक्रम में हिस्सा लेती महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज की छात्राएं।

# किसान गांवों में बाढ़ जैसे हालात व खाद की ब्लैक से खफा : सभा

- मीरकां में हुई किसान सभा की बैठक, छोटू पोटलिया ग्रामीण इकाई के प्रधान बने

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

किसान सभा की बैठक निकटवर्ती गांव मीरकां में हुई जिसकी अध्यक्षता चतर सिंह गोदारा ने की। बैठक का संचालन रमेश मीरका ने किया। सभा में गांव की ग्रामीण कमेटी का गठन किया गया। इसमें छोटू पोटलिया को प्रधान चुना गया। मोहन झुरिया को उपप्रधान, संजय बादोलिया को सचिव व महेन्द्र नम्बरदार को कोषाध्यक्ष चुना गया।

बैठक को संबोधित करते हुए किसान सभा के जिला प्रधान शमशेर सिंह नम्बरदार ने कहा कि आज प्रदेश में खाद यूरिया व डीएपी की भारी कमी के चलते किसान ब्लैक में खाद लेकर खेतों में डाल रहा है। खाद, बीज व कीटनाशकों में भारी मिलावट का काम जोरों पर है। जिला हिसार व हरियाणा के हजारों गांव बाढ़ प्रभावित हैं। सरकार व प्रशासन को खाद का प्रबंध करना चाहिए। पम्प सेट व पाईप लगाकर पानी को बाहर निकालने में किसानों की मदद करनी चाहिए। खराब हुई फसलों का सर्वे करवाकर 50 हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से किसानों को मुआवजा दिया जाए।



**हिसार।** किसान सभा की मिरका में हुई बैठक में भाग लेते किसान।

### ये रहे मौजूद

बैठक में अभय सिंह फौजी, योगेश शर्मा, सुनील सहारण, इन्द्र ज्याणी, धोलड़ सहारण, संजय नायक, सुंडा हरिजन, मनोहर सोनी, कर्ण कूकना, नरेन्द्र गढ़वाल, नरसी गढ़वाल, पृथ्वी पोटलिया, हाशियार सिंह, सुरेन्द्र गोदारा, मा. दलीप, लाखन भाटी, विक्रांत, सतपाल लाडवा, वजीर पूनिया, राम लाडवा आदि भी उपस्थित रहे।

## 25 पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने बुधवार को अपने कार्यालय में सर्वश्रेष्ठ इनाम योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारियों, अनुसंधानकर्ताओं व 26 बांग्लादेशी नागरिकों को निर्वासित करने में भूमिका निभाने वाले पुलिस कर्मियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने सब-इंस्पेक्टर प्रवीन कुमार व बजरंग, एएसआई सुन्दर सिंह, विजय कुमार, मुख्य सिपाही सुमेर, हरदीप, उमेश कुमार, सिपाही सतीश, अजय, विजेन्द्र, महिला सिपाही अनिता, पंकज, ममता व (एचकेआरएन) ड्राईवर सुभाष को 26 बांग्लादेशी नागरिकों के निर्वासन प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर सराहनीय कार्य करने पर सम्मानित किया गया। सीआईए स्टाफ हांसी पुलिस उप निरीक्षक प्रेम कुमार, मुख्य सिपाही मनोज कुमार, सिपाही राहुल व मुकेश कुमार ने सर्वश्रेष्ठ अनुसंधान करते हुए गांव बास में अध्यापक की हत्या करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर सराहनीय कार्य करने पर सम्मानित किया गया।

# हांसी के मनप्रीत का आईआईएस में चयन

- पत्रकारिता से प्रशासनिक अधिकारी तक का किया सफर
- वर्तमान में झज्जर में एआईपीआरओ के पद पर हैं कार्यरत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी

उपमंडल के एक छोटे किसान परिवार से आने वाले मनप्रीत सिंह ने भारतीय सूचना सेवा (आईआईएस) में चयनित होकर अपने परिवार और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा मंगलवार को घोषित आईआईएस परीक्षा परिणामों में उनका नाम शामिल था।

मनप्रीत वर्तमान में हरियाणा सरकार में सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी (एआईपीआरओ) के पद पर झज्जर जिले में सेवाएं दे रहे हैं। वे उनके पिता मोहन लाल सामान्य किसान हैं। और उनके परिवार की आर्थिक स्थिति सीमित साधनों में रही है।

### पत्रकारिता और जनसंचार में उच्च शिक्षा



मनप्रीत सिंह

मनप्रीत सिंह ने पत्रकारिता और जनसंचार में स्नातकोत्तर तक शिक्षा प्राप्त की है। तथा देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा से पत्रकारिता में पीएचडी कर रहे हैं। उन्होंने कई वर्षों तक हांसी में विभिन्न संस्थानों के लिए सक्रिय पत्रकारिता की। समाज के मुद्दों को उजागर करना और जनहित से जुड़े विषयों को प्रमुखता देना उनका जुनून रहा। खबरें लिखते-लिखते उन्होंने जो सपना देखा था, वह आज हकीकत बन चुका है। बता दें कि पिछले वर्ष मनप्रीत का चयन हरियाणा सरकार में सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी के रूप में हुआ था। इस वर्ष उन्होंने यूपीएससी की परीक्षा पास कर भारतीय सूचना सेवा में चयनित होकर साबित कर दिया कि मेहनत और आत्मविश्वास से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है।

### परिवार के सदस्यों से मिली प्रेरणा

अपनी सफलता पर मनप्रीत सिंह ने कहा, /"यह सिर्फ मेरी नहीं, मेरे माता-पिता, शिक्षकों और उन सभी का सपना था जिन्होंने मुझ पर विश्वास रखा। मेरा मानना है कि मंजिल की चिंता किए बिना अगर हम ईमानदारी से मेहनत करें तो रास्ते अपने आप बनते हैं। मेरे लिए आईआईएस में चयन केवल करियर की उपलब्धि नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में योगदान का सुनहरा अवसर है। मनप्रीत ने बताया कि उन्हें भारत सरकार की सेवा में जाने की प्रेरणा परिवार के सदस्यों से मिली। उनके चाचा सुरेंद्र सिंह इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) में अधिकारी हैं। उनके ताऊ निरंजन सिंह प्रवर्तन निदेशालय में वरिष्ठ पद पर रह चुके हैं। बचपन से ही इन्हें देखकर प्रेरणा मिली थी और सिविल सेवा में जाने का सपना संजोया था।

## टैक्सेशन ऑफ चैरिटेबल ट्रस्ट पर सेमिनार 8 को

**हिसार।** चार्टर्ड अकाउंटेंट के हितों के प्रति समर्पित संस्था एनआईआरसी हिसार ब्रांच द्वारा 8 अगस्त को टैक्सेशन ऑफ चैरिटेबल ट्रस्ट पर आधारित सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। एनआईआरसी हिसार ब्रांच के चेयरमैन सीए अमन बंसल ने बताया कि सेक्टर 16-17 के इंस्टीट्यूशनल एरिया में स्थित आईसीएआई भवन में आयोजित होने वाले इस सेमिनार का समय दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक रहेगा। इस सेमिनार में अतिथि वक्ता सीए परिमल गांधी टैक्सेशन ऑफ चैरिटेबल ट्रस्ट के संदर्भ में विस्तृत जानकारी प्रदान करेंगे। यह सेमिनार चैरिटेबल ट्रस्ट से जुड़े मुद्दों को समझने के लिए बड़ा ही कारगर सिद्ध होगा।


**सूचना**

मैं, रामकिशन पुत्र श्री रामकलेश्वर निवासी गली नंबर-7, शिव कॉलोनी, हिसार बयान करता हूं कि मेरा पुत्र संदीप कुमार मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरी पत्नी तथा मेरी पुत्रवधु साधना देवी की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, सुनीता रानी पत्नी धर्मपाल निवासी वार्ड नंबर-3, नारनौंद, जिला हिसार बयान करती हूं कि मेरे कागजात व प्रमाण पत्र में मेरा नाम सुनीता रानी दर्ज है। मेरे बैंक के खाते में मेरा नाम सुनीता दर्ज है जिसे मैं सही करवाकर सुनीता रानी के रूप में संशोधित करवाना चाहती हूं। भविष्य में मुझे सुनीता रानी के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गांव खरकड़ी में नया पंचायती तालाब मछली पालन हेतु नीलामी गांव खरकड़ी के लाइब्रेरी भवन में दिनांक 14 अगस्त 2025 को समय 11 बजे की जाएगी। नीलामी के लिए बोलीदाता को धरोहर राशि के रूप में 1,00,000 रूपए मौके पर जमा करवाने होंगें। पट्टे की समय अवधि आठ वर्ष की होगी। बाकि शर्तें मौके पर सुनाई जाएगी।

सरपंच ग्राम पंचायत खरकड़ी, हिसार -1
मोबाइल नंबर 9896910111


**चर्चा** — तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा कार्यालय में मीटिंग आयोजित

# 10 से 13 तक हर विस क्षेत्र में निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी

स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र भक्ति की भावना को जगाने और राष्ट्रध्वज तिरंगे के सम्मान में जिला कार्यालय में तिरंगा यात्रा और हर घर तिरंगा कार्यक्रम की योजना को लेकर जिला अध्यक्ष अशोक सैनी की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भाजपा की प्रदेश सह संयोजक बहन मीना परमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रही। इस अवसर पर मीना परमार ने कहा कि 10 से 13 अगस्त तक भारतीय जनता पार्टी प्रत्येक विधानसभा और मंडल स्तर पर भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन करने जा रही है, तिरंगा यात्रा के साथ हर घर तिरंगा अभियान भी चलाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस पर पूरे देश में राष्ट्रभक्ति की भावना का माहौल बनाने के लिए पार्टी ने इस अभियान की शुरुआत की है। अभियान को सफल बनाने के लिए रामफल बूरा को जिला संयोजक एवं डॉक्टर श्री शर्मा, सुखविंदर जाखड़ और पार्षद सुरेश को जिला सह संयोजक बनाया गया। जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने कार्यक्रम के निमित जिले में प्रत्येक मंडल के संयोजक और सहसंयोजक नियुक्त किए और सभी कार्यकर्ताओं को तिरंगे के सम्मान को ध्यान में रखते हुए आवश्यक निर्देश भी दिए। इस अवसर पर जिला महामंत्री एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया, बिजेंदर लोहान, कार्यालय प्रभारी मनजीत जांगड़ा, आईटी प्रमुख कुलदीप जांगड़ा, जगमोहन यादव, गोल्डी सैनी, तनुज खुराना, विजय सैनी, विजय देपल, बलिंदर यादव, नरेंद्र शर्मा, रामधारी जमावड़ी, राजू शर्मा सहित सभी मंडलों के संयोजक व सह संयोजक उपस्थित रहे।




**हांसी।** भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण करती मीना परमार उनके साथ हैं जिलाध्यक्ष अशोक सैनी

## रावलवास खुर्द के सैनिक मॉडल स्कूल से निकाली तिरंगा यात्रा

**हिसार।** हर घर पर तिरंगा हो कार्यक्रम के तहत रावलवास खुर्द गांव स्थित सैनिक मॉडल स्कूल में तिरंगा यात्रा निकाली गई। मेरा युवा भारत हिसार एवं आजाद हिन्द युवा क्लब गांव किरतान द्वारा संयुक्त रूप से तिरंगा यात्रा कार्यक्रम चलाया जा रहा है और विभिन्न जगहों पर 15 अगस्त तक निकाली जाएंगी। सैनिक मॉडल स्कूल के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रिंसिपल राम फल सीगड़ शामिल हुए। इस मौके पर आजाद हिन्द युवा क्लब प्रधान कपूर सिंह आर्य, पूजा, तनु, सृष्टि, एकता, सुमित, निशांत, प्रतीक, रोहित, ईशु, चंचल, सनेहा, शिखा, सचिन, समीर, हिमांशु, प्रोमिल आदि मौजूद थे।

## पं. दर्शन कौशिक के निधन पर शोक जताया

**हिसार।** पूर्वांचल जन कल्याण संगठन समिति की बैठक संरक्षक डॉ. राधेश्याम शुक्ल की अध्यक्षता में हुई जिसमें जिला ब्राह्मण सभा के पूर्व प्रधान पं. दर्शन कौशिक के आकस्मिक निधन पर शोक प्रकट करते हुए दो मिनट का मौन धारण करके श्रद्धांजलि दी गई। कोषाध्यक्ष आचार्य शिवपूजन मिश्र ने बोलते हुए कहा कि स्व. दर्शन कौशिक पूर्वांचल समाज के मसीहा थे। बैठक में कहा गया कि पूर्वांचल समाज स्व. दर्शन कौशिक की समाज को दी गई सेवाओं को हमेशा याद रखेगा। बैठक में प्रधान विनोद साहनी, संरक्षक अनूप पाण्डेय, सचिव आचार्य मुरलीधर पाण्डेय, उपप्रधान एवं कानूनी सलाहकार अर्चना पाण्डेय एडवोकेट, प्रेस सचिव रविन्द्र सिंह, तरकेश्वर आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### घायल पिता की मौत के बाद बेटे ने भी दम तोड़ा

**हिसार।** गांव चिकनवास गांव के पास करीब एक सप्ताह पूर्व एक बाइक और स्कूटी के बीच टक्कर में घायल हुए जगान निवासी पवन कुमार की बुधवार को सुबह एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। बता दें कि सडक़ हादसे के 2 दिन बाद उसके पिता माडूराम की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। मृतक माडूराम खेती करता था और उसका बेटे पवन कुमार बिजली निगम में एएलएम के पद पर कार्यरत था।

### सामान-नकदी छीनने के आरोपी को जेल भेजा

**हिसार।** पुलिस ने फ्लिपकार्ट डिलीवरी कर्मचारी से पार्सल और नकदी छीनने के मामले में शिकारपुर निवासी आरोपी आजाद सिंह को एक दिन के रिमांड के बाद बुधवार को अदालत में पेश किया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया। फ्लिपकार्ट के डिलीवरी कर्मी हरिकोट निवासी अमित ने कहा था कि वह 25 जुलाई को डिलीवरी का सामान बांटने धीरणवास जा रहा था। इस दौरान एक युवक ने खुद को ग्राहक बताकर पार्सल मांगा।

### सुनील सौथा प्रधान और दीपक सचिव चुने गए

**बरवाला।** हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन संबंधित अखिल कर्मचारी महासंघ का तीन वर्षीय चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। प्रधान पद के लिए सुनील सोथा को सर्वसम्मति से चुना गया और सचिव पद के लिए एस.ए.दीपक को चुना गया तथा सहसचिव पद के लिए कपिल शर्मा मतलोढा व कैशियर पद के लिए सुरेंद्र राजली को चुना गया। उपप्रधान पद के लिए महेंद्र सुरा और संगठनकर्ता पद के लिए जेई करमजीत को चुना गया।

### रामकिशन बने पंजाबी वेलफेयर एसो. के अध्यक्ष

**उकलाना।** पंजाबी वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक पंजाबी धर्मशाला में हुई। इसमें रामकिशन मुंजाल को अध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर प्रधान गुलशन आहूजा, जगन बवेजा, सतीश भारती, गुलशन बठला, ज्ञानचंद भाटिया, जगदीश असीजा, डॉ. शमी नागपाल, कपिल नारंग, सुमित भ्याना, पंकज खुराना, सुरेंद्र इलाहाबादी, जगदीश इलाहाबादी, कुणाल, सरनी खुराना, रमेश इलाहाबादी, आदि मौजूद थे।

### एसडी मॉडर्न स्कूल में सेमिनार का आयोजन

**हांसी।** एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के सभागार में यातायात नियमों, साइबर सुरक्षा और नशे की रोकथाम पर एक सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार का उद्देश्य छात्रों को इन विषयों के प्रति जागरूक किया जाना था। सेमिनार में पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन मुख्यातिथि रहे। यशवर्धन ने कहा कि आज के युवाओं को डिजिटल प्रभाव के सकारात्मक पक्ष का प्रयोग करना है, नशे के चक्र का हिस्सा नहीं बनना।

### नप आवारा कुत्तों पर भी लगाए लगाम : समिति

**हांसी।** शहीद भगतसिंह संगठन समिति ने कहा है कि नगर परिषद द्वारा आजकल शहर में आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए अभियान चलाया हुआ है, लेकिन परिषद को इसके साथ ही गलियों में घूम रहे आवारा कुत्तों को भी पकड़वाना चाहिए। क्योंकि ये आवारा कुत्ते अक्सर गलियों में घुमते वक्त बच्चों, महिलाओं व आम लोगों को काट लेते है, और कुत्ते के काट लेने पर पीड़ित को उसका उपचार करवाने में महीनों लग जाते है।

### किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर मिलेगी मशीनें

**हिसार।** हरियाणा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने वर्ष 2025-26 के तहत पराली प्रबंधन योजना के अंतर्गत किसानों को बड़ी राहत दी है। इस योजना के तहत राज्य के व्यक्तिगत किसानों को सुपर सीडर, बेलर, जीरो सीड ड्रिल, शरब मास्टर सहित कुल 12 प्रकार की कृषि मशीनों पर 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा। इस योजना के लिए इच्छुक किसान विभागीय पोर्टल पर 20 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

---

खेतों से ट्यूबवेल की मोटरें-बिजली के तार चोरी होने की बढ़ रही घटनाएं

# पुलिस कर्मचारी के रवैये के खिलाफ किसानों ने धरना और प्रदर्शन किया

थाना अग्रोहा में शिकायत के लिए पहुंचने पर पुलिसकर्मी ने दुर्व्यवहार किया, डीएसपी के आश्वासन पर माने प्रदर्शनकारी किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** अग्रोहा थाना के आगे प्रदर्शन करते किसान। *फोटो : हरिभूमि*




**हिसार।** धरने को संबोधित करते कांग्रेस कृष्ण सातरोड। *फोटो : हरिभूमि*

जिले के अग्रोहा पुलिस थाना में तैनात पुलिस कर्मचारी पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के आह्वान पर किसानों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में अनेक संगठन शामिल हुए और उन्होंने अग्रोहा थाना के सामने प्रदर्शन किया और धरना शुरू कर दिया। किसानों ने चेताया कि जब तक संबंधित पुलिसकर्मी का तबादला नहीं किया जाता, तब तक उनका धरना जारी रहेगा।

प्रदर्शन की अगुआई कर रहे किसान नेताओं में मनदीप नाथवान, संदीप सिवाच, प्रदीप मलिक, समुंद्र नम्बरदार, केडी अग्रोहा, दिलबाग बिजारणिया, सीताराम कालीरावण, छोटू गढ़वाल, अजय गोदारा, सत्यवान किरमारा और धर्मपाल लोहचब शामिल रहे। इस दौरान सैकड़ों किसान अग्रोहा मोड़ पर एकत्रित होकर थाना परिसर की ओर पैदल मार्च करते हुए पहुंचे और मुख्य द्वार के सामने धरने पर बैठ गए।

प्रदर्शनकारी किसानों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में लगातार किसानों के खेतों से ट्यूबवेल की मोटरें और बिजली के तार चोरी होने की घटनाएं बढ़ रही हैं लेकिन पुलिस इन पर अंकुश लगाने में विफल रही है। चार अगस्त को जब कुछ किसान इन मामलों को लेकर थाना अग्रोहा पहुंचे और एक पुलिसकर्मी से बातचीत की तो उसने कथित रूप से दुर्व्यवहार किया जिससे किसानों में गहरा रोष है। डीएसपी किशोरी लाल मौके पर पहुंचे और धरना दे रहे किसानों से बातचीत की।

उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और जो भी पुलिसकर्मी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। चोरी की घटनाओं की भी प्राथमिकता से जांच कर दोषियों को जल्द पकड़ने का भरोसा दिलाया। डीएसपी के आश्वासन के बाद किसानों ने अपना धरना शांतिपूर्वक समाप्त कर दिया।

### गुजवि में फीस बढ़ोतरी व अन्य मुद्दों पर छात्रों का धरना

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय फीस वृद्धि वापिस लेने, छात्रावास और अन्य समस्याओं के हल के लिए विद्यार्थियों का अनिश्चितकालीन धरना बुधवार को भी जारी रहा। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा निलंबित किए जाने के बावजूद छात्र नेता अपनी मांगों पर अडिग हैं। कुलपति कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे छात्र नेता हरिकेश ढांडा ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने उन्हें निलंबित कर दिया है। हालांकि इस कार्रवाई के बाद भी विद्यार्थी अपनी मांगों को लेकर धरने पर डटे हुए हैं। छात्र नेताओं का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, वे धरना जारी रखेंगे। उधर, युवा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व जिला पार्षद कृष्ण सातरोड़ ने कहा है कि गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में पिछले 3-4 वर्षों से लगातार की जा रही फीस वृद्धि पर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि फीस में अप्रत्याशित वृद्धि ने विश्वविद्यालय नहीं बल्कि विद्यार्थियों को लूट का अड्डा बना दिया गया है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए पार्टी नेता कृष्ण सातरोड़ ने गुजवि में फीस वृद्धि के खिलाफ चल रहे धरने का समर्थन किया और कहा कि जरूरत पड़ी तो वे गुजवि प्रशासन के खिलाफ धरना भी लगाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में 18 सरकारी विश्वविद्यालय हैं, जो सभी स्टेट लेजिस्लेटिव एक्ट के अंतर्गत स्थापित हुए हैं। चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी, चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद तथा चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के मुकाबले एक जैसे कोर्सों की फीस गुजवि में 3-4 गुना अधिक है। उन्होंने सरकार से मांग की कि 'एक प्रदेश, एक कोर्स, एक फीस' की नीति को लागू करें। कांग्रेस नेता कृष्ण सातरोड ने उदाहरण के तौर पर बताया कि एमएससी मैथेमेटिक्स कोर्स की एक वर्ष की फीस गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में 50 हजार रुपये है, जबकि इसी कोर्स की फीस राज्य सरकार के अधीन किसी कॉलेज में 6000 रुपये और सीडीएलयू में 20 हजार रुपये है। जब प्रदेश एक है, शिक्षक नियुक्ति की योग्यता समान है, प्रयोगशालाएं यूजीसी एंड एआईसीटीई के मानकों पर आधारित हैं, तो फिर फीस समान क्यों नहीं हो सकती? इस अवसर पर कांग्रेस नेता सतेंद्र सिंह, आनंद जाखड़, विक्रम सिंघरान, मनोज कोहली, नवीन पूनिया, सुनील नंगथला आदि भी उपस्थित रहे।

---

## रक्षा मंत्रालय की टीम ने किया सैनिक स्कूल का निरीक्षण



**हिसार।** रक्षा मंत्रालय टीम के साथ स्कूल प्रबंधन व स्टाफ सदस्य।

- स्कूल गतिविधियों की जानकारी पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन से दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सैनिक स्कूल सोसायटी रक्षा मंत्रालय भारत सरकार की ओर से सैनिक स्कूल कुंजपुरा के प्रधानाचार्य कैप्टन (आईएन) गुरबीर सिंह ने अधिकारियों की एक टीम के साथ सैनिक स्कूल खारा खेड़ी का निरीक्षण किया। स्कूल निदेशिका डॉ. ज्योत्स्ना, स्कूल प्रशासक विक्रमादित्य ने स्कूल पहुंचने पर उनका स्वागत किया।

स्कूल कमांडेंट कर्नल (डॉ.) डीवी नेहरा द्वारा स्कूल की गतिविधियों के बारे में उन्हें पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई। इसके बाद अधिकारियों की टीम ने स्कूल के विभिन्न हिस्सों जैसे शैक्षणिक ब्लॉक, प्रयोगशालाओं, प्रशिक्षण क्षेत्रों, छात्रावासों और कैडेट्स मेस आदि का निरीक्षण किया।

कैप्टन गुरबीर सिंह ने गूगल मीट के माध्यम से कैडेट्स के माता-पिता के साथ ऑनलाइन बातचीत की और उनसे स्कूल के बारे में प्रतिक्रिया प्राप्त की। उन्होंने शिक्षकों और कैडेट्स के साथ बातचीत की और उनकी समस्याओं एवं सुझावों पर चर्चा की व स्कूल के सभी दस्तावेजों का निरीक्षण किया। उन्होंने कैडेट्स को एनडीए में शामिल होने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं का सर्वोत्तम उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वे भाग्यशाली है जो उन्हें भारत के सर्वश्रेष्ठ नए सैनिक स्कूलों में से एक सैनिक स्कूल खारा खेड़ी में प्रवेश प्राप्त करने का मौका मिला है।

### ड्रिंक एंड ड्राइव के तहत स्कूटी चालक का 23 हजार का चालान

**हांसी।** ट्रैफिक पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान नशे में वाहन चला रहे स्कूटी चालक का ड्रिंक एंड ड्राइव के तहत चालान कर उसके स्कूटी को जब्त किया है। यह जानकारी देते हुए सब इंस्पेक्टर खुर्शीद आलम ने बताया कि नियमित चेकिंग के दौरान हांसी बस स्टैण्ड पर एक स्कूटी सवार युवक को कागजात की जांच के लिए रोका तो उसके मुंह से शराब की गंध आ रही थी। और उसने हेलमेट भी नहीं पहना था और ना ही उसके पास स्कूटी के कागजात मिले। जिस पर ट्रैफिक पुलिस ने बिना डाक्यूमेंट्स, नशे में वाहन चलाने तथा व यातायात नियमों का उल्लंघन करने का 23000 रुपये का चालान काटा।

---

## सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल का छात्र हर्षित योग में प्रथम रहा

- जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता का ब्लूमिंग डेल्स स्कूल में किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** योग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी।

हरियाणा राज्य योग एसोसिएशन से संबद्ध योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन ब्लूमिंग डेल्स स्कूल में किया गया। इसमें सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल के हर्षित ने 10 से 12 वर्ष आयु वर्ग के लड़कों के मुकाबले में भाग लेकर शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रतियोगिता में लड़कियों के 10 से 12 वर्ष आयु वर्ग में ध्रुवी ने तृतीया स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में लगभग 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। हर्षित को स्वर्ण और ध्रुवी को कांस्य पदक एवं प्रशस्ति पत्रों से सम्मानित किया गया। सिद्धार्थ परिवार ने गौरवान्वित पलों को सहेजते हुए दोनों प्रतिभागियों को बधाई दी। कार्यवाहक प्रधानाचार्या निशा शर्मा ने योग प्रशिक्षक निशा रानी और सभी स्पोर्ट्स अध्यापकों एवं दोनों प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रदान की।



**हिसार।** मांगों का ज्ञापन सौंपते भवन निर्माण श्रमिक संघ के पदाधिकारी।

### श्रम कल्याण बोर्ड की कल्याणकारी योजनाओं पर रोक लगाने से श्रमिकों में रोष, ज्ञापन सौंपा

**हिसार।** एटक से संबंधित भवन निर्माण श्रमिक संघ हिसार मंडल की ग्रामीण कमेटी ने श्रम कल्याण बोर्ड की कल्याणकारी योजनाओं पर रोक लगाए जाने पर रोष प्रकट करते हुए ग्राम पंचायत दडौली के माध्यम से श्रम मंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजे हैं। संगठन के राज्य महासचिव विनोद कुमार ने बताया कि सरकार ने श्रम कल्याणकारी योजनाओं पर रोक लगा दी है जो कि सरासर गलत है। उन्होंने बताया कि निर्माण मजदूर कल्याण बोर्ड के तहत लगभग 10 लाख मजदूर पंजीकृत हैं। इनमें से करीब 6 लाख मजदूर ऑफलाइन और लगभग 4 लाख ऑनलाइन पंजीकृत हुए हैं। विनोद कुमार ने बताया कि सरकार ने सभी निर्माण मजदूरों के पंजीकरण स्थाई तौर पर ब्लॉक कर दिए हैं। सरकार ने इसको तर्क दिया है कि फर्जी तरीके से 90 दिन का वेरिफिकेशन की गई है। इस मौके पर राज्य महासचिव विनोद कुमार, प्रेम, राकेश, मनोज, रतन सिंह, विजय कुमार, प्रवीण कुमार, सरदार सिंह, विनोद जांगड़ा, अरविंद, होशियार सिंह, सुशील कुमार, प्रदीप व राकेश जांगड़ा आदि उपस्थित रहे।

## रॉयल सैनिक विद्यापीठ ने किया मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित

- चार सर्वोच्च विद्यार्थियों को स्कूटी, लैपटॉप, टैबलेट तथा स्मार्टवॉच प्रदान की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** प्रतिभाओं को सम्मानित करते अतिथिगण।

रॉयल सैनिक विद्यापीठ में सीबीएसई कक्षा 10वीं के बोर्ड में शानदार परीक्षा परिणाम लाने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर चेयरपर्सन अंजु देवी शास्त्री ने चार श्रेष्ठ विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में गांव बालसमंद निवासी हर्षित ने पहला, गांव धीरनवास के अवि ने दूसरा, गांव हिंदवान के मोहित ने तीसरा व गांव श्यामसुख के यमन ने चौथा स्थान हासिल किया। चार सर्वोच्च विद्यार्थियों को स्कूटी, लैपटॉप, टैबलेट तथा स्मार्टवॉच प्रदान की गई। समारोह में तृतीय बीएन बटालियन एनसीसी के सेवानिवृत्त कर्नल सुनील कटारिया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर गांव रावलवास के सरपंच राजेश झाझरिया, चेयरपर्सन अंजु देवी शास्त्री, निदेशक पवन गोदारा, प्राचार्य पवन कुमार व स्टाफ तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

---

## राजकीय विद्यालय गैबीपुर के छात्रों ने खेलों में किया शानदार प्रदर्शन

- जिला स्तर पर होने वाली स्पर्धाओं में अपना स्थान पक्का किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र डीपीई राजेश भारती व स्टाफ के साथ।

बरवाला खंड के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ढाणी खानबहादुर व गैलेक्सी इंटरनेशनल स्कूल राजली में छात्र व छात्राओं की विभिन्न प्रकार की स्कूली खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

गैबीपुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्र व छात्राओं ने डीपीई राजेश भारती के मार्गदर्शन में इन खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में अपना स्थान पक्का किया। लड़कियों की 17 वर्ष आयु वर्ग में किरण 3000 मीटर में प्रथम व 1500 मीटर में दूसरा स्थान, अंतिम 600 मीटर में व पायल ने 800 मीटर व 200 मीटर में दूसरा स्थान हासिल किया। इसी वर्ष आयु वर्ग में काफी ने 3000 मीटर वॉक रेस में दूसरे स्थान पर बाजी मारी। लडक़ों के 19 वर्ष आयु वर्ग में रमन ने भाला फेंक में प्रथम और सावन ने दूसरा स्थान, कार्तिक पुत्र रमेश ने 1500 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 17 वर्ष की आयु वर्ग में देवेंद्र 3000 मीटर में प्रथम, इंद्रजीत 100 मीटर में दूसरा स्थान हासिल किया। स्कूल पहुंचने पर प्राचार्य राजकुमार व पूरे स्कूल स्टॉफ सदस्यों ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी।

### धमकी देकर रुपये ऐंठने का आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** शहर थाना पुलिस ने दबाव व धमकी देकर रुपए ऐंठने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सिसाय काली रावण निवासी सुरेन्द्र उर्फ लड्डू के रूप में हुई है।

जांच अधिकारी एएसआई शिव प्रकाश ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने कुछ दिन पहले दयाल सिंह कॉलोनी निवासी अनिल उर्फ हन्नी को 70 हजार रुपये उधार देकर उससे 85 हजार रुपये व एक एलईडी पहले ले लिए थे और अब उस पर दबाव बना कर तथा उसे धमकी देकर 1 लाख 9 हजार रुपये की ओर मांग कर रहा था। पुलिस ने अनिल की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## रेड रन मैराथन के महिला वर्ग में एसडी कॉलेज हांसी की अंजू प्रथम

- जिलास्तरीय महिला व पुरुष वर्ग की रेड रन मैराथन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते अतिथिगण।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से बुधवार को हकृवि स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्थित गिरी सेंटर में जिलास्तरीय रेड रन मैराथन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलोत एवं उप-सिविल सर्जन डॉ. सुशील गर्ग के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

मैराथन में जिले की सभी यूनिवर्सिटीज़, कॉलेजों, आईटीआई तथा वोकेशनल ट्रेनिंग संस्थानों के रेड रिबन क्लब्स से जुड़े सैंकड़ों विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था। महिला विद्यार्थी वर्ग में एसडी कॉलेज हांसी की अंजू ने प्रथम, एफसी कॉलेज की सरोज ने द्वितीय एवं एसडी कॉलेज हांसी के अंजलि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष विद्यार्थी वर्ग सीआरएम जाट कॉलेज के अमित दहिया ने प्रथम, गवर्नमेंट आईटीआई हिसार के अजय ने द्वितीय तथा एफजीएम कॉलेज आदमपुर के मोहित ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस मौके पर विजेता विद्यार्थियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया।

---



**हिसार।** सिल्वर मेडल विजेता टीम के खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते एसोसिएशन पदाधिकारी। *फोटो :हरिभूमि*

### रोल बॉल प्रतियोगिता में हिसार टीम का उम्दा प्रदर्शन

**हिसार।** डिस्ट्रिक्ट रोल बॉल एसोसिएशन की अंडर -17 वर्ग की रोल बॉल टीम ने करनाल में आयोजित राज्य स्तरीय रोल बॉल प्रतियोगिता में भाग लिया और शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त किया। टीम के इस शानदार प्रदर्शन में कोच पावेल, सुनील गंगवा और राहुल की अहम भूमिका रही, जिनके मार्गदर्शन में टीम ने यह सफलता अर्जित की। कोचों की टीम ने खिलाड़ियों को तकनीकी प्रशिक्षण देने के साथ-साथ उनका मनोबल भी बढ़ाने का काम किया। डिस्ट्रिक्ट रोल बॉल एसोसिएशन के प्रधान हिमांशु शर्मा ने इस शानदार सफलता पर टीम के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि टीम के 3 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय रोल बॉल चैम्पियनशिप के लिए हरियाणा की टीम में हुआ है, जो आने वाले समय में राज्य और देश का नाम और भी ऊंचा करेंगे।

गैर शिक्षक कर्मचारी कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने ली शपथ

## गैर शिक्षक कर्मचारी विश्वविद्यालय की रीढ़ की हड्डी

- शपथ ग्रहण समारोह नई ऊर्जा और सकारात्मक प्रतिबद्धता का प्रतीक : प्रो. नरसीराम बिश्नोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** गैर शिक्षक कर्मचारी कल्याण संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाते कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई। *फोटो :हरिभूमि*

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने कहा है कि गैरशिक्षक कर्मचारी विश्वविद्यालय की रीढ़ की हड्डी होते हैं।

केवल शिक्षक व अधिकारी ही नहीं बल्कि सभी गैर शिक्षक कर्मचारी भी साथ मिलकर गुजवि को विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय बना रहे हैं। कुलपति नरसीराम बिश्नोई विश्वविद्यालय के गैर शिक्षक कर्मचारी कल्याण संघ के नवनिवार्चित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे। विश्वविद्यालय के चौ. रणबीर सिंह सभागार में हुए इस समारोह की अध्यक्षता कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने की।

कुलपति ने नवनिर्वाचित कर्मचारियों से कहा कि यह शपथ ग्रहण समारोह केवल एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह एक नई ऊर्जा व सकारात्मक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कुलपति ने नवनिर्वाचित कर्मचारियों को शपथ भी दिलवाई।

नवनिर्वाचित प्रधान चरणदास अठवाल ने अपने संबोधन में कहा कि कर्मचारियों ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है, वे उसका निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने इस अवसर पर कर्मचारियों के लिए विश्वविद्यालय में कैश लैस मैडिकल सहायता उपलब्ध करवाने तथा कर्मचारियों की प्रमोशन का मुद्दा उठाया। समारोह में कर्मचारी नेता धर्मबीर फोगाट, बिजेंद्र धारीवाल तथा उपप्रधान नेकीराम ने भी अपने विचार रखे। नवनिर्वाचित महासचिव राममेहर दुहन, मनीष भारद्वाज, सहसचिव माया देवी, कोषाध्यक्ष ईश्वर सिंह दूड़ा भी मंच पर उपस्थित रहे। महासचिव राममेहर दुहन ने धन्यवाद किया जबकि मंच संचालन महेंद्र शर्मा ने किया।